RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 29 | जयपुर मंगलवार, 28 जुलाई 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

## वेटलिफ्टरों के दम से पदकों की हैट्रिक

### कॉमनवेल्थ में राजा व ज्ञानेश्वरी की चांदी, बिंद्यारानी को ब्रॉन्ज



● ग्लासगो

भारतीय भारोत्तोलक मुथुपंडी राजा और ज्ञानेश्वरी यादव ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारोत्तोलन में रजत पदक जीते जबकि बिंद्यारानी देवी के हिस्से में कांस्य पदक आया। राजा ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग स्पर्धा में कुल 286 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। 25 वर्षीय भारोत्तोलक राजा मुथुपंडी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में कुल 286 किलोग्राम भार उठाया।



वेटलिफ्टिंग में शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाते हुए ज्ञानेश्वरी यादव ने सोमवार को महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। ज्ञानेश्वरी ने फ़ाइनल में कुल 199 किग्रा वज़न उठाया। क्लीन एंड जर्क में उनके प्रयास ने उन्हें कुछ समय के लिए रिकॉर्ड बुक में जगह दिलाई क्योंकि उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स का नया रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन बाद में नाइजीरिया की डिडिह ने 113 किग्रा वज़न उठाकर वह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया और गोल्ड मेडल जीत लिया। बिंद्यारानी देवी ने महिलाओं के 58 किग्रा वर्ग में कुल 199 किग्रा वज़न उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया और कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना दूसरा मेडल जीता।

▶ लोकसभा में पेश हुआ पब्लिक एग्जामिनेशन संशोधन बिल

# टूटा गतिरोध, एंटी पेपर लीक बिल पर आज चर्चा और वोटिंग

### विपक्ष चर्चा से पहले गृह मंत्री अमित शाह के सदन में बयान की मांग पर अड़ा था, स्पीकर की पहल पर सभी दल चर्चा को हुए तैयार

● नई दिल्ली

संसद के चालू मॉनसून सत्र की शुरुआत से ही चला आ रहा गतिरोध अब टूट गया है। विपक्षी दल एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के लिए सहमत हो गए हैं। स्पीकर ओम बिरला की पहल पर प्रमुख राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स ने सदन में एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के लिए सहमति जता दी है।

पेपर लीक के खिलाफ लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक, 2026 पर 28 जुलाई को दोपहर 12 बजे से चर्चा की शुरुआत हो सकती है। सदन की कार्यवाही के दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी दलों से आग्रह किया था कि यह विषय देश के करोड़ों विद्यार्थियों, युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता से जुड़ा हुआ है। ऐसे में इस पर व्यापक और सार्थक चर्चा होना उचित है।

### केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पेश किया बिल



**नीट** पेपर लीक के खिलाफ कई सप्ताह तक चले देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बाद केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार 27 जुलाई को लोकसभा में पेपर लीक विरोधी बिल पेश किया था। इस पर सत्तापक्ष के सदस्यों ने सदन की मेज थपथपाते हुए अपना समर्थन दिया। लोकसभा स्पीकर ने विधेयक पर संशोधन प्रस्तुत करने के लिए दोपहर एक बजे तक का समय निर्धारित किया था लेकिन विपक्ष के हंगामे के चलते आज इस पर चर्चा नहीं हो सकी। नए बिल के कानून बनने के बाद पेपर लीक करने पर 10 साल की जेल, 10 करोड़ जुर्माना लगेगा। साथ ही अगर सर्विस प्रोवाइडर कंपनी दोषी हुई तो 8 साल के लिए ब्लैकलिस्ट हो जाएगी।

### संसद परिसर में प्रधान का स्वागत, कांग्रेस ने कसा तंज

**जंतर मंतर** पर एक महीने से ज्यादा चले सीजेपी प्रोटेस्ट के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्री का पद छोड़ दिया। मंत्री पद से उनका इस्तीफा होने के बाद सोमवार को धर्मेंद्र प्रधान संसद पहुंचे। इस दौरान बीजेपी सांसदों ने उनका भव्य स्वागत किया। बिहार के दरभंगा से लोकसभा सदस्य गोपालजी ठाकुर ने उन्हें पाग (मिथिला की पारंपरिक टोपी) पहनाई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बीजेपी सांसद प्रधान का स्वागत ऐसे किया जा रहा है कि मानो उन्होंने कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की हो। इस पर धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस नेता को करारा जवाब दिया है। उन्होंने दो टूक कहा कि मैं स्ट्रीट फाइटर हूं, एसी रूम एक्टिविस्ट नहीं। दरअसल, पूरा मामला उस समय का है जब कांग्रेस नेता जयराम रमेश उनसे सहानुभूति प्रकट करने पहुंचे थे। जयराम ने प्रधान के इस्तीफे पर कहा कि ऐसा होता रहता है। बस इसी पर धर्मेंद्र प्रधान ने जवाब दिया कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। धर्मेंद्र प्रधान ने इसके बाद कहा कि आई एम ए स्ट्रीट फाइटर, नॉट एन एसी रूम ऐक्टिविस्ट।



छात्रों के खिलाफ एके-47 के इस्तेमाल का आरोप

# सिर्फ आंदोलन करने पर लाठीचार्ज नहीं कर सकते

### छात्र आंदोलन में दिल्ली पुलिस के कड़े एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, की सख्त टिप्पणी

● नई दिल्ली



हाल के छात्र आंदोलनों के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की ज्यादती को लेकर बढ़ते विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ आंदोलन होने के आधार पर लाठीचार्ज नहीं किया जा सकता।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की, जब देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग से जुड़ीयाचिकाओं का उल्लेख (मेंशनिंग) उसके समक्ष किया गया। इनमें एक याचिका उन छात्रों के समूह की ओर से दायर की गई है, जिन्होंने आरोप लगाया है कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उनके साथ मारपीट की।

### याचिका में स्वतंत्र जांच की मांग

**याचिका** में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को नष्ट होने, बदले जाने, उनके साथ छेड़छाड़ किए जाने, दबाए जाने या गुम होने से बचाया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी साक्ष्य उचित न्यायिक और जांच प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं। याचिका में यह भी मांग की गई है कि जहां उपलब्ध साक्ष्यों- जैसे आधिकारिक रिकॉर्ड, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, मीडिया रिपोर्ट और अन्य विश्वसनीय सामग्री के आधार पर किसी व्यक्ति, लोक सेवक, पुलिस अधिकारी, सुरक्षा कर्मी या किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा कोई संज्ञेय अपराध किया जाना लगता होता हो, वहां संविधान और लागू कानूनों के अनुसार तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए तथा निष्पक्ष, स्वतंत्र और समयबद्ध आपराधिक जांच शुरू की जाए।

### हर नागरिक की सुरक्षा होनी चाहिए

**मुख्य** न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा, हम इन सभी मामलों को कल सुनेंगे। हर नागरिक की सुरक्षा होनी चाहिए। अगर कहीं जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग हुआ है, तो उसे रोका जाना चाहिए। इसके लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल होना चाहिए। मामला केवल दिल्ली का नहीं है, देश के अलग-अलग हिस्सों में भी प्रदर्शन हुए हैं। केवल इसलिए कि कोई आंदोलन हो रहा है, लाठीचार्ज नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे कहा, लोकतंत्र में आत्म-अनुशासन भी उतना ही जरूरी है। सीजेआई सूर्यकांत ने ये भी कहा कि युवाओं को अपनी असहमति और विरोध शांतिपूर्ण तरीके से व्यक्त करने का पूरा अवसर मिलना चाहिए, लेकिन ये भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि असामाजिक तत्व ऐसे प्रदर्शनों का फायदा न उठा सकें।

# अगले महीने से मिलेगी सरकारी बसों की सौगात

### मुख्यमंत्री ने खंडवा से 82.70 लाख किसानों के खातों में भेजे 3308 करोड़ रुपए

● भोपाल

**सीएम ने कहा- बारिश के बाद किसानों को रात के साथ दिन में भी सिंचाई के लिए मिलेगी बिजली**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने खंडवा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में प्रदेश के 82 लाख 70 हजार से अधिक किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 3308 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से ट्रांसफर किए। कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि अगले महीने (अगस्त) से प्रदेश के नागरिकों को सरकारी रोडवेज बसों की सौगात मिलेगी। उन्होंने खंडवा में पुलिस बटालियन की स्थापना करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसानों को आज एक साथ 4000 रुपए सम्मान निधि के रूप में उनके बैंक खातों में भेजे गए हैं। मप्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती-किसानी को लाभदायी बनाने और कृषि को आधुनिक स्वरूप देने के लिए लगातार काम कर रही है।

### प्रदेश में बनेंगे 275 सांदीपनि विद्यालय

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले चरण में 275 सांदीपनि विद्यालय स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 136 बनकर तैयार हो चुके हैं और 105 विद्यालयों का लोकार्पण भी हो चुका है। दूसरे चरण में हम 200 नए सांदीपनि विद्यालय बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि आने वाले 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर तिरंगा अभियान चलेगा और सभी लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

## जम्मू आधार शिविर से 3,823 यात्री हुए रवाना

**जम्मू, आरएनएन।** जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से 3,800 तीर्थयात्रियों का जत्था अमरनाथ की पवित्र गुफा के लिए सोमवार को रवाना हुआ। जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के मद्देनजर 19 जुलाई को रोकी यात्रा, खासकर पवित्र गुफा मंदिर तक जाने वाले पहलगाम और बालटाल रूट पर शनिवार को फिर से शुरू हुई थी। 3823 यात्रियों का एक नया जत्था भगवती नगर यात्री निवास से बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। यह जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 140 गाड़ियों के काफिले में रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि पहलगाम मार्ग के लिए कोई काफिला नहीं भेजा गया। सालाना यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधनब के साथ संपन्न होगी। अब तक चार लाख से अधिक यात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। अमरनाथ यात्रा 2026 ने अहम उपलब्धि हासिल की है, क्योंकि कुल यात्रियों की संख्या 4 लाख के आंकड़े को पार कर गई है।

# पीओके में शुरू हुआ दिखावटी चुनाव असीम मुनीर के खिलाफ उग्र प्रदर्शन

● इस्लामाबाद

पीओके में सोमवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए वोटिंग हो रही है। मीरपुर डिवीजन में 14 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर अपने वोट डालेंगे। यह वोटिंग उस वक्त हो रही है जब पीओके में उग्र प्रदर्शन चल रहे हैं। वहीं कई विपक्षी पार्टियों ने पाक सेना पर दखल देने का आरोप लगाते हुए चुनाव का बहिष्कार करने का आह्वान किया है।

पीओके के मीरपुर, भीमबर और कोटली जिलों के 13 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। चुनाव अफसरों के मुताबिक इस प्रक्रिया के लिए 2,500 से ज्यादा पोलिंग स्टेशन बनाए हैं और वोटिंग के दिन से पहले ही सभी जिलों में चुनाव का सामान भेज दिया गया था।

पीओके सरकार ने वोटरों की भागीदारी को आसान बनाने के लिए मीरपुर डिवीजन में 27 जुलाई को सार्वजनिक छुट्टी का भी ऐलान किया है। इस चुनाव में भी पहले की ही तरह पाक की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों का ही दबदबा रहने की उम्मीद है जिनमें पीएमएलएन, पीपीपी और आईपीपी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस चरण में जिन 13 सीटों पर चुनाव हो रहा है उनके लिए लगभग 300 उम्मीदवार मैदान में हैं।



अकेले कोटली जिले में छह विधानसभा सीटों के लिए 135 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं जबकि मीरपुर और भीमबर जिलों में 7,50,000 से ज्यादा वोटर सात सीटों के नतीजे तय करेंगे। पाक सेना पीओके में होने वाले चुनाव को तय करती है और दखल खत्म करने के लिए ही पीओके में कई महीनों से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

**पाक सेना के खिलाफ नारेबाजी**

लंबे समय से यह आरोप लगाते रहे हैं कि शक्तिशाली सेना सुरक्षा और प्रशासनिक संस्थाओं पर अपने नियंत्रण के जरिए पाक और पीओके में राजनीतिक नतीजों को प्रभावित करती है।

# CJP की फिर आंदोलन की चेतावनी

### सीजेपी के प्रवक्ता ने कहा- सरकार छात्रों पर पुलिस एक्शन को रोकें, वरना फिर से हम धरने पर बैठ जाएंगे

**नई दिल्ली, आरएनएन।** जंतर मंतर से धरना खत्म कर लौटी कॉकरोच जनता पार्टी ने एक बार फिर से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने एक ट्वीट किया है, जिसमें केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह को टैग करते हुए समझौते के अनुसार काम न होने की बात कही है।

रांका ने कहा कि समझौते में कहा गया था कि आंदोलनकारियों के खिलाफ कोई पुलिस कार्रवाई नहीं होगी। इसके बाद भी बिहार और बंगाल में बड़ी संख्या में छात्रों को गिरफ्तार किया गया है।

### ऑनलाइन जुटाएगी फंड

कॉकरोच जनता पार्टी ने सोमवार को अपने एक नए अभियान का ऐलान किया। नीट पेपर लीक पर बड़े आंदोलन को लीड करने वाली सीजेपी अब एक नई वेबसाइट लॉन्च करने जा रही है, जिसके जरिए प्रदर्शनों में शामिल उन छात्रों और युवाओं की कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए फंड जुटाया जाएगा। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें देश का आम नागरिक 1 रुपये की न्यूनतम राशि का योगदान भी कर सकता है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा से हुआ कस्टमर्स का डेटा लीक

● नई दिल्ली / आरएनएन

देश के बड़े सरकारी बैंकों में शामिल बैंक ऑफ बड़ौदा के सर्वर से बड़े डेटा लीक की खबर है। दावा किया जा रहा है कि बैंक का करीब एक टीबी डेटा इंटरनेट और डार्क वेब पर लीक कर दिया गया है।

**अकाउंट डिटेल्स से लेकर आधार, फोन नंबर तक शामिल**

बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने स्टेटमेंट में डेटा ब्रीच की बात मान ली है। हालांकि बैंक का स्टैंड ये है कि ईमेल हैक होने की वजह से ऐसा हुआ है। बैंक ने कहा है कि उसकी इन्फ़ॉर्मेशन सिक्योरिटी सिस्टम पूरी तरह मज़बूत है।

**नया रिश्ता** जिस पर लगाया रेप का आरोप, कोर्ट की इजाजत से उसी संग रचाई शादी

# जेल में गूंजी शहनाई, आरक्षक ने किया कन्यादान

● बस्तर



छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने कानून, न्याय और सामाजिक रिश्तों को लेकर नई चर्चा शुरू कर दी है।


जगदलपुर केंद्रीय जेल के इतिहास में पहली बार जेल परिसर विवाह मंडप में बदल गया। रेप और एससी/एसटी एक्ट के मामले में पिछले सात महीने से न्यायिक हिरासत में बंद एक आरोपी ने उसी युवती के साथ सात फेरे लिए, जिसने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। अदालत की अनुमति, जेल प्रशासन की निगरानी और दोनों परिवारों की मौजूदगी में यह विवाह संपन्न हुआ। जेल में पदस्थ एक आरक्षक ने कन्यादान की रस्म निभाई।

### युवती लगातार मिलने आती थी जेल

**करीब** सात महीने तक जेल में रहने के दौरान भी दोनों के बीच संपर्क पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। युवती लगातार उससे मिलने जेल आती रही। समय के साथ दोनों के बीच फिर से बातचीत शुरू हुई। दोनों ने पुराने विवाद को पीछे छोड़कर साथ जीवन बिताने का फैसला किया। इसके बाद दोनों ने विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी एक्ट की अदालत में संयुक्त आवेदन देकर विवाह की अनुमति मांगी। दोनों के बालिग होने और अपनी स्वतंत्र इच्छा से विवाह करने की सहमति जताने के बाद अदालत ने जेल नियमावली के तहत विवाह की अनुमति दे दी। इसके बाद जेल प्रशासन ने विवाह की सभी तैयारियां शुरू कीं। जेल के भीतर विवाह मंडप सजाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह संपन्न कराया गया।

# ब्राजील ने खारिज किया दो अमेरिकी अफसरों का वीजा

● रियो डी जनेरो / आरएनएन



ब्राजील ने दो यूएस अफसरों के वीजा एप्लीकेशन रिजेक्ट कर दिए हैं। क्योंकि डर था कि उनके दौरे से ब्राजील के चुनावी सिस्टम पर सवाल उठाने वाले समूह को समर्थन मिल सकता है।

जिन दो यूएस अफसरों के वीजा को रिजेक्ट किया गया, उनमें स्टेट डिपार्टमेंट के ब्यूरो ऑफ डेमोक्रेसी, ह्यूमन राइट्स एंड लेबर के सहायक सचिव रिले एम. बार्न्स और उसी ब्यूरो के उपसहायक सचिव सैमुअल सैमसन थे। दोनों ने 20 जुलाई को ब्राजील सरकार को अपने वीजा एप्लीकेशन जमा किए थे, जिसमें वे पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के बेटे, राष्ट्रपति उम्मीदवार फ्लेवियो बोल्सोनारो, ब्राजील के सुपीरियर इलेक्टोरल कोर्ट के अधिकारियों और राइट विंग लोगों से मिलने की योजना बना रहे थे।

न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ब्राजील के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि बार्न्स और सैमसन ने 20 जुलाई को वीजा के लिए आवेदन की थी और शुक्रवार को उन्हें मना कर दिया गया। हालांकि अमेरिकी राज्य विभाग की तरफ से इस मामले में फिलहाल कोई टिप्पणी सामने नहीं आई है।

# भारत ने यूक्रेन के राजदूत पोलिशचुक को किया तलब

### हमलों पर भारत ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई

● नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्रालय ने भारतीय चालक दल वाले व्यापारिक जहाजों पर हाल ही में हुए हमलों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। इन हमलों के विरोध में विदेश मंत्रालय ने यूक्रेनी राजदूत डॉ. ऑलेक्जेंडर पोलिशचुक को तलब किया है। यूक्रेनी राजदूत को तलब करने का यह कदम शनिवार को यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह पर एक जहाज पर हुए हमले के बाद उठाया है। इस जहाज पर चार भारतीय क्रू मेंबर सवार थे।

कीव स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह घटना शनिवार को तब हुई जब ओडेसा बंदरगाह पर व्यापारिक जहाज एमवी एजीएन राग्नार को निशाना बनाया गया। ओडेसा यूक्रेन का एक प्रमुख काला सागर बंदरगाह है, जिस पर 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से सतत हमले हो रहे हैं।

ओडेसा की घटना से महज कुछ दिन पूर्व, एक अन्य वाणिज्यिक पोत एमवी गोल्डन लियो पर हुए रूसी हमले में चार भारतीय नाविकों की जान चली गई थी। नागरिक जहाजों और भारतीय क्रू पर हो रहे इन हमलों को लेकर भारत ने अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

# भीलवाड़ा की 150+ प्राइवेट कॉलोनियां बदहाल: न पानी, न सड़क, न लाइट

## 'पट्टे दिए तो सुविधा क्यों नहीं' - कॉलोनीवासी आक्रोशित, अमृत 2 योजना पर सवाल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर की 150 से अधिक प्राइवेट कॉलोनियों के हालात बद से बदतर हो गए हैं। इन कॉलोनियों में न चंबल का पानी पहुंच रहा है और न ही मूलभूत सुविधाएं। कॉलोनीवासियों में नगर विकास न्यास और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश है। नगर विकास न्यास और जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद कोई परिणाम नहीं निकला। पीने के पानी की समस्या के अलावा सड़कें टूटी पड़ी हैं और नालियां अटी होने से पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है। हल्की बारिश में ही सड़कें नदियों में तब्दील हो जाती हैं।





**'पट्टे दिए तो जिम्मेदारी क्यों नहीं'**

कॉलोनी निवासी प्रकाश शर्मा ने कहा 'हमारी कॉलोनी में पानी, रोड लाइट, सड़क समेत कई समस्याएं हैं। अधिकारियों से शिकायत की तो जवाब मिला प्राइवेट कॉलोनी है इसलिए कुछ नहीं कर सकते। यदि न्यास सुविधा नहीं दे सकता तो पट्टे क्यों दिए। 10 साल से कॉलोनी में रह रहा हूं, कुछ नहीं हुआ।'

गृहणी चंचल शर्मा ने कहा 'सड़कों में गड्ढों के कारण बच्चे स्कूल जाने में दिक्कत होती है। बारिश में गड्ढे नहीं दिखते। कोई बड़ा हादसा हुआ तो जिम्मेदार कौन होगा। पीने के पानी के लिए 10 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।'

रेणु गुर्जर ने बताया '10 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। न सड़क है न पानी। कई बार कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई।'

सतीश कुमार सोनी ने कहा 'रोड लाइट नहीं होने से रात में चोरी का खतरा रहता है। सड़कों पर निकलना भी मुश्किल है। समय पर विकास नहीं होने से सड़कें टूटी हैं।'

**खाली भूखंडों में भरा पानी, जंगली जीवों का खतरा**

कई खाली पड़े भूखंडों में पानी भर जाने से मच्छर और जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बढ़ गया है।

**अमृत 2 योजना पर सवाल**

भीलवाड़ा की प्राइवेट कॉलोनियों में अमृत 2 योजना के तहत पानी पहुंचाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन धरातल पर स्थिति अलग है। विधायक अशोक कोठारी ने अधिकांश प्राइवेट कॉलोनियों का निरीक्षण किया और हालात सुधारने की कोशिश भी की, लेकिन अधिकारियों के उदासीन रवैये और सुझावों के अभाव में विकास नहीं हो पाया। कॉलोनीवासियों की मांग है कि न्यास और सरकार तुरंत पानी, सड़क और लाइट की व्यवस्था करे, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## बनास नदी से अवैध बजरी खनन,परिवहन करते एक जेसीबी व दो ट्रॉली मय खनिज बजरी जब्त



## विशेष अभियान के तहत पुलिस की दबिश, अवैध बजरी खनन पर कसा शिकंजा

### काछोला थाना की अवैध बजरी खनन के विरुद्ध कार्रवाई

**काछोला** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत काछोला थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बनास नदी में दबिश देकर एक जेसीबी मशीन एवं खनिज बजरी से भरी दो ट्रॉलियां जब्त की हैं। मामले में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा सागर राणा (आईपीएस) के निर्देश तथा अजमेर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा अंजुम कायल एवं पुलिस उप अधीक्षक वृत कोटड़ी सुरेश डाबरिया के सुपरविजन में यह कार्रवाईकी एएसआई रामेश्वर लाल मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने रविवार को बनास नदी के गंधेरी क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान अवैध बजरी खनन एवं परिवहन करते हुए एक जेसीबी मशीन तथा खनिज बजरी से भरी दो ट्रॉलियां जब्त की गईं। कार्रवाई के दौरान वाहन जब्त कर संबंधित प्रकरण दर्ज किया गया है तथा अवैध खनन में शामिल आरोपियों की पहचान एवं मामले की जांच की जा रही है। कार्रवाई में एएसआई रामेश्वर लाल मीणा, हैड कांस्टेबल गोपेश कुमार तथा कांस्टेबल नेतराम एवं जयनारायण शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।

## फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविर में सुनीं समस्याएं, कई मामलों का मौके पर ही हुआ निस्तारण



बंटवारा, नामांतरण, राजस्व अभिलेख शुद्धिकरण सहित विभिन्न विभागों की सेवाओं का ग्रामीणों को मिला लाभ

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर** ग्राम पंचायत बाकरा में सोमवार को ग्रामीण सेवा शिविर के तहत फॉलोअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार अमितेश कुमार मीणा के नेतृत्व में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर राहत प्रदान की। शिविर के दौरान आपसी सहमति से एक बंटवारा प्रकरण का निस्तारण किया गया। वहीं तीन राजस्व अभिलेखों में शुद्धिकरण एवं पांच नामांतरण प्रकरणों का भी मौके पर समाधान किया गया। इसके अलावा जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न विभागों से संबंधित अनेक कार्य एक ही स्थान पर किए गए, जिससे ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। अधिकारियों ने शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी तथा पात्र हितग्राहियों के कार्यों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया। शिविर में गिरदावर रामकिशन जाट, पटवारी आदेश कुमार मीणा, कनिष्ठ सहायक अरुण कुमार पुरोहित, ग्राम विकास अधिकारी हंसराज बैरवा, कनिष्ठ लिपिक कांता मीणा, कृषि पर्यवेक्षक मस्तराम मीणा, सीएचओ अनीता गुर्जर, निर्मला मीणा, सोना मीणा, रामराज मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा, धर्मचंद मीणा, सत्यनारायण सेन, वीरेंद्र मीणा, करनी सेना जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह खेरूना, राकेश खटीक सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## दुबई में व्यापारी अपहरण कांडः मास्टरमाइंड लुत्फी पर गिरफ्तारी वारंट, 8 आरोपियों पर इनाम घोषित ,लुकआउट नोटिस जारी, 7 सितंबर तक कोर्ट में पेश करने के आदेश

स्मार्ट हलचल


**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** दुबई में भीलवाड़ा के एक व्यापारी के अपहरण और फिरौती के सनसनीखेज मामले में अदालत ने मुख्य आरोपी फजले रऊफ उर्फ लुत्फी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधिनियम की धारा 37 के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। न्यायालय ने सुभाषनगर थाना पुलिस को निर्देश दिए हैं कि आरोपी को गिरफ्तार कर 7 सितंबर 2026 तक अदालत में पेश किया जाए। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धाराओं 308(5), 111(2)(बी), 3 और 4 के तहत प्रकरण दर्ज है। सुभाषनगर थाना प्रभारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि लुत्फी के खिलाफ वर्ष 2025 में हवाला, सट्टा और ब्याज माफिया से जुड़े संगठित अपराध का मामला दर्ज होने के बाद वह गिरफ्तारी से बचने के लिए दुबई फरार हो गया। वहां उसने अपना आपराधिक नेटवर्क खड़ा कर लिया, जिसमें प्रतापगढ़ के हार्डकोर अपराधी इमरान उर्फ चुन्नू लाला और जाहिद उर्फ बादशाह लाला सहित कई बदमाश सक्रिय बताए जा रहे हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह दुबई में भीलवाड़ा की युवतियों को बुलाकर कथित रूप से सेक्सटॉर्शन रैकेट भी संचालित कर रहा था। पुलिस को इस संबंध में दो वीडियो मिले हैं। एक मामले में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है, जबकि दूसरे प्रकरण में पीड़ित पक्ष से संपर्क कर कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान पुलिस ने गिरोह के 11 आरोपियों पर इनाम घोषित किया है, जबकि 8 आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कराया जा चुका है। इनमें से योगेश मूंदड़ा, मोइन खान और वसीम मोहम्मद पठान को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराध से अर्जित संपत्तियों को चिन्हित कर फ्रीज और जब्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी। इनाम घोषित आरोपियों में जाहिद लाला उर्फ बादशाह, इमरान उर्फ चुन्नू लाला, रज्जाक मोहम्मद, फातिमा फहीम, जितेंद्र कुमार माली, मोहम्मद आदिल शेख, नीतू महेश और जीशान खान सहित अन्य शामिल हैं। पुलिस इनके खिलाफ भी लुक आउट सर्कुलर जारी कराने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तारी वारंट की तामील के लिए नोटिस न्यायालय के नोटिस बोर्ड, आरोपी के दोनों आवासों तथा नगर निगम कार्यालय पर चस्पा कर दिए गए हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि इन आरोपियों ने किसी के साथ कोई आपराधिक वारदात की है तो बिना किसी भय के पुलिस को सूचना दें। शिकायतकर्ता की पहचान और सुरक्षा पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।



## गाय को बचाने के प्रयास में डिवाइडर पर चढ़ी थार, बड़ा हादसा टला

स्मार्ट हलचल

**मांडल ।** जयपुर-उदयपुर नेशनल हाईवे-48 पर सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, सांवरिया सेठ जी के दर्शन कर जयपुर लौट रहे श्रद्धालुओं की थार गाड़ी के सामने अचानक एक गाय आ गई। चालक ने गाय को बचाने का प्रयास किया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और सभी सवार सुरक्षित रहे। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस और मांडल पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई। दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन मांडल पुलिस के कांस्टेबल रामप्रसाद कुमावत, राजेंद्र प्रसाद तथा 112 पायलट भूपेश ने तत्परता दिखाते हुए यातायात को सुचारु कराया और जाम खुलवाने में अहम भूमिका निभाई। समय रहते चालक की सतर्कता और पुलिस-प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।



## बलाई समाज छात्रावास सेवा समिति भीलवाड़ा की कार्यकारिणी का विस्तार, विभिन्न पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** बलाई समाज छात्रावास सेवा समिति (रजि.) भीलवाड़ा के अध्यक्ष भंवर लाल ने समिति की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मांगीलाल बलाई (खेड़ा) ने की। कार्यकारिणी विस्तार के दौरान समाज के संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

**नियुक्त पदाधिकारी इस प्रकार हैं:**

- कोषाध्यक्ष: नारायण लाल (सांगानेर)
- सह-कोषाध्यक्ष: नारायण लाल (भदाली खेड़ा)
- उपाध्यक्ष: प्रभु मेघवंशी (नारायणपुर)
- जिला महामंत्री: शंकर मेघवंशी (भदाली खेड़ा)
- जिला महामंत्री (द्वितीय): गोविंद लाल (पांसल)
- प्रवक्ता: प्रकाश मेघवंशी (मंगलपुरा)
- संगठन मंत्री: श्याम जी (दरीबा)
- प्रचार मंत्री: आदर्श मेघवंशी (महुआ खुर्द)
- प्रचार मंत्री: शंकर लाल (कोदुकोटा)
- प्रचार मंत्री: रामेश्वर लाल (पालड़ी)
- जिला मंत्री: गोपाल जी (पीथास)
- जिला मंत्री: पुखराज जी (पाटन)
- सोशल मीडिया प्रभारी: रामदेव जी (महुआ खुर्द)
- सोशल मीडिया प्रभारी: भेरु मेघवंशी (सिरड़ियास)
- कानूनी सलाहकार: राजमल जी (कर्जालिया)को नियुक्त किया

इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा समाज हित में समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया गया। अध्यक्ष भंवर लाल ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी समाज के संगठन को मजबूत करने, छात्रावास के विकास तथा सामाजिक उत्थान के कार्यों को नई गति प्रदान करेगी।

## जैन मुनि के सानिध्य में हुआ पौध रोपण अभियान का शुभारंभ



स्मार्ट हलचल

**संवाददाता।** ऐतिहासिक धार्मिक स्थल प्रभु श्री चारभुजानाथ परिसर व धर्माउ तालाब के चारो ओर पौधरोपण अभियान का सोमवार को जैन सन्त मेवाड़ गौरव, प्रखर वक्ता श्री रविन्द्र मुनि के सानिध्य में शुभारम्भ किया गया। मुनि की उपस्थिति में श्री चारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, ओम पालीवाल, जैन समाज के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा, संरक्षक नवरतन मल पोखरना, अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना सहित बड़ी संख्या में प्रभु भक्तो ने उपस्थित हो कर पर्यावरण बढ़ाने का संकल्प लेते हुए पौधरोपण किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि मन्दिर परिसर व तालाब के चारो ओर फल, फूल, छायादार पौधे लगाए जाएंगे।

### राजस्थान में महिला अपराधों पर जीरो टॉलरेंस

## 32 हजार रुपये में नाबालिग बच्ची की खरीद-फरोख्त के आरोपियों की अवैध संपत्ति पर चला पुलिस और प्रशासन का हथौड़ा...

### डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देशों पर प्रदेशभर में सख्त कार्रवाई; अजमेर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में दरगाह थाना क्षेत्र में बुलडोजर कार्रवाई जारी

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राजस्थान सरकार की महिला सुरक्षा को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अजमेर पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर अपराधियों के खिलाफ़ बड़ी और सख्त कार्रवाई की है। जिले के थाना दरगाह क्षेत्र में एक नाबालिग मासूम बच्ची को 32 हजार रुपये में बेचने/खरीद-फरोख्त करने के गंभीर मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपियों की अवैध रूप से अर्जित अचल संपत्तियों और अतिक्रमणों को ध्वस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के प्रदेशव्यापी कड़े निर्देशों की पालना में यह सीधी कार्रवाई की जा रही है। डीजीपी के आदेश स्पष्ट हैं कि महिला एवं बाल अपराधों में संलिप्त अपराधियों को केवल जेल ही नहीं भेजा जाएगा, बल्कि अपराध के जरिए बनाई गई उनकी अवैध संपत्तियों और अवैध निर्माणों पर भी कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।



**अजमेर पुलिस का बड़ा एक्शन और मौके पर भारी जाब्ता**

अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक श्री हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में दरगाह थाना पुलिस एवं प्रशासनिक टीम ने प्रकरण संख्या 104/2026 के आरोपियों के रिकॉर्ड खंगालने के बाद उनके ठिकानों पर बुलडोजर और हथौड़े चलाने की प्रक्रिया शुरू की। कार्रवाई के दौरान मौके पर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक लक्ष्मणराम, दरगाह थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह सहित पुलिस और नगर निगम/प्रशासनिक अधिकारी खुद मौजूद रहकर अवैध निर्माणों को गिराने की कार्यवाही को अंजाम दे रहे हैं।

**इन दो मुख्य महिला अपराधियों पर हुई कार्रवाई**

प्रकरण में शामिल दो प्रमुख महिला आरोपियों अफसाना उर्फ बिजली (36) पत्नी मोहम्मद जावेद मूल निवासी मेदिनीपुर (पश्चिम बंगाल), हाल निवासी अन्दरकोट थाना दरगाह व हाल गली नंबर 17, लोंगिया मोहल्ला थाना गंज, अजमेर और आफरीन उर्फ नूरजहां (36) पत्नी साबिर निवासी झरनेश्वर मंदिर के पास, अन्दरकोट थाना दरगाह, अजमेर के खिलाफ चल-अचल संपत्तियों की जांच कर यह सीधी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) 2023 की धारा 107 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसके अंतर्गत आरोपियों द्वारा अपराध से अर्जित संपत्तियों, उनके बैंक खातों और अवैध कब्जों का ब्योरा जुटाया गया है। संबंधित प्रशासनिक विभागों से समन्वय स्थापित कर उनके द्वारा सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों और बिना स्वीकृति बने ढांचों को नियमानुसार ध्वस्त और जब्त किया जा रहा है।

**अपराधियों को राजस्थान पुलिस का कड़ा संदेश**

अजमेर पुलिस की इस त्वरित और कठोर कार्रवाई के जरिये राजस्थान पुलिस ने पूरे प्रदेश में एक बेहद स्पष्ट संदेश दिया है राजस्थान की धरती पर महिला या बाल अपराध करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। अपराध करने वालों को न केवल कानून की सख्त सजा मिलेगी, बल्कि अपराध की काली कमाई से बनाए गए उनके साम्राज्य को भी नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा।

## आई.टी.आई. में प्रवेश के लिए 28 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026-27Ɛ28 के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक (प्रशिक्षण) श्री सुरज पंवार ने बताया कि राज्य के समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में एनसीवीटी एवं एससीवीटी के अंतर्गत संचालित विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय केंद्रीकृत ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से 15 जुलाई 2026 से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी राजस्थान सरकार के एकीकृत एसएसओ पोर्टल अथवा ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 28 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 1 सितम्बर 2026 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत अस्थायी मेरिट सूची 29 जुलाई 2026 को जारी की जाएगी। वहीं संस्थान प्रबंधन समिति (आईएमसी) की सीटों पर संबंधित संस्थानों में 30 जुलाई 2026 को संस्थान स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। उपनिदेशक (प्रशिक्षण) ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में स्वीकृत विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश प्रस्तावित है। उन्होंने पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन करने का आग्रह किया।

भीलवाड़ा में राजस्व महकमे का बिगुल

# कलेक्टर के खिलाफ पटवारी-कानूनगो आंदोलन पर, 30 जुलाई से पूर्ण कार्य बहिष्कार की चेतावनी

## आज से बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध, रोजाना एक घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार; मांगें नहीं मानी गईं तो जिलेभर में राजस्व कार्य होंगे प्रभावित

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा** जिला कलेक्टर की कार्यशैली और राजस्व कार्मिकों के खिलाफ की जा रही विभागीय कार्रवाई के विरोध में राजस्थान पटवार-कानूनगो संघ ने सोमवार से जिलेभर में चरणबद्ध आंदोलन का आगाज कर दिया। संघ के आह्वान पर जिले के पटवारी एवं कानूनगो (गिरदावर) 27 जुलाई से बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे हैं तथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक एक घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार करेंगे। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 29 जुलाई तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो 30 जुलाई से जिलेभर में पूर्ण कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया जाएगा, जिससे राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो सकते हैं।शाहपुरा उपखंड अधिकारी सुनील कुमार के माध्यम से जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को सौंपे गए ज्ञापन में संघ ने आरोप लगाया कि जिले में राजस्व कार्मिकों के बीच भय और दबाव का वातावरण बनाया जा रहा है। छोटी-छोटी प्रकृति की विभागीय जांचों में भी अत्यधिक कठोर दंड दिए जा रहे हैं तथा कार्मिकों द्वारा प्रस्तुत जवाब, दस्तावेज और साक्ष्यों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा। संघ का कहना है कि कई मामलों में जांच अधिकारी की रिपोर्ट से अलग जाकर निर्णय लिए जा रहे हैं, जो प्राकृतिक न्याय की भावना के विपरीत हैं।संघ ने अपनी तीन प्रमुख मांगों में हाल ही में संस्थित विभागीय जांचों को वापस लेने, पटवारी हरदेव लाल बैरवा के विरुद्ध की गई सेवा से पदच्युति की कार्रवाई निरस्त कर पुनर्बहाली करने तथा स्थानांतरित पटवारी एवं कानूनगो कार्मिकों को बिना किसी भेदभाव के तत्काल कार्यमुक्त करने की मांग की है।ज्ञापन में हरदेव लाल बैरवा के प्रकरण का विशेष उल्लेख करते हुए कहा गया कि उन्हें धारा 91 की रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत नहीं करने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया, जबकि संघ का दावा है कि नियमानुसार खरीफ सीजन की धारा 91 की रिपोर्ट 15 अगस्त तक प्रस्तुत की जानी होती है और बैरवा को उससे पहले ही निलंबित कर दिया गया था। संघ ने इस कार्रवाई को नियमों के विपरीत बताते हुए संबंधित प्रकरण की समीक्षा कर संभागीय आयुक्त,अजमेर को भेजने की मांग की है।संघ ने यह भी आरोप लगाया कि राजस्व मंडल एवं संभागीय आयुक्त स्तर से स्थानांतरित कई पटवारी एवं कानूनगो को अब तक कार्यमुक्त नहीं किया गया है, जबकि कुछ प्रभावशाली कार्मिकों को प्राथमिकता के आधार पर कार्यमुक्त कर दिया गया। इससे कर्मचारियों में भेदभाव की भावना उत्पन्न हुई है। संघ ने सभी स्थानांतरित कार्मिकों को समान रूप से तत्काल कार्यमुक्त करने की मांग उठाई है।राजस्थान पटवार-कानूनगो संघ ने जिला कलेक्टर पर दमनात्मक,कठोर एवं तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे माहौल में राजस्व कार्मिक मानसिक दबाव में कार्य करने को विवश हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों प्रभावित हो रही हैं। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि 29 जुलाई तक मांगों पर सहमति नहीं बनी तो 30 जुलाई से जिलेभर में पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।ज्ञापन सौंपने के दौरान पटवार संघ अध्यक्ष बजरंग लाल सैनी, उपाध्यक्ष डूंगरराम चौहान, कानूनगो संघ अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, बृजराज सोलंकी, राकेश कुमार जैन, जिला महामंत्री दशरथ चौधरी सहित बड़ी संख्या में पटवारी एवं कानूनगो उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव : 28 जुलाई को भव्य भजन संध्या, 29 जुलाई को हवन-पूजन एवं महाप्रसादी



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री छोबावड़ी सगस जी रत्नेश्वर महादेव मठ, रेलवे स्टेशन के पास, हमीरगढ़ (चित्तौड़ रोड, भीलवाड़ा) में 28 एवं 29 जुलाई को दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। श्री महंत साध्वी देवगिरी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन भव्य स्तर पर किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ 28 जुलाई, मंगलवार को रात्रि 8:15 बजे भव्य भजन संध्या से होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा गुरु महिमा एवं भक्ति रस से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई, बुधवार को प्रातः 9:15 बजे हवन, गुरुचरण पूजन, समाधि पूजन एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान संत-महात्माओं का सान्निध्य तथा गुरु महिमा का गुणगान श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। श्री महंत साध्वी देवगिरी ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार महोत्सव में पधारकर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं धार्मिक कार्यक्रमों का पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर उन्होंने गुरु महिमा का स्मरण कराते हुए कहा–

**'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।**
**गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥ '**

## कोयला भट्टि कांड में सेवा से पटवारी की बर्खास्तगी का कड़ा विरोध, गिरदावर ओर पटवारियों ने किया कार्य का बहिष्कार, धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की



स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा** - राजस्थान कानूनगो एवं पटवार संघ द्वारा कोटडी तहसील के पटवारी हरदेव बैरवा को कोयला भट्टि कांड में सेवा से बर्खास्त करने के विरोध मे उपखण्ड क्षेत्र के गिरदावरो और पटवारियों ने उपखण्ड कार्यालय में नारेबाजी करते हुए धरना दिया। जिला कलेक्टर भीलवाड़ा द्वारा पटवारी हरदेव बैरवा के खिलाफ लिए गए एकतरफा राजकीय सेवा से पदच्युति' (dismissed from service) के निर्णय के विरोध में गिरदावर (कानूनगो) और पटवारीयो द्वारा पटवारी हरदेव बैरवा की सेवा से पदच्युति का रिव्यू (पुनरावलोकन) कर उन्हें अविलंब पुनः बहाल करने की मांग को लेकर के दोनों संघ के आव्हान पर सोमवार को उपशाखा स्तर पर उपखंड अधिकारी के माध्यम से जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान गिरदावर लक्ष्मण सिंह शेखावत. शिवकुमार सोनी, पारसमल लक्षकार , कैलाश चंद्र तेली, परमेश्वरी जाट, पटवारी वजीर खान, जेठुसिंह, अशोक कुमार बेरवा, आसाराम मीणा फूलचंद, अक्षय कुमार, अजीत सिंह, अजय चौहान गोविंद सिंह, गिरधारी सिंह, मूलचंद, सरिता शेखावत, सुमन मीणा और नेमीचंद आदि जने थे।

## भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का गठन, सांसद दामोदर अग्रवाल की अनुशंसा पर पांच सदस्य मनोनीत

### विनोद झुरानी सहित अनिल अग्रवाल, गौतम शर्मा, रामानुज सारस्वत और सीमा सोनी को मिली जिम्मेदारी, दिसंबर 2027 तक रहेगा कार्यकाल



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने अजमेर मंडल के अधीन भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन के विकास एवं यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्टेशन सलाहकार समिति का गठन किया है। यह समिति भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल की अनुशंसा पर गठित की गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव द्वारा जारी आदेशों के अनुसार समिति में पांच सदस्यों को मनोनीत किया गया है। समिति में विनोद झुरानी, अनिल अग्रवाल, गौतम शर्मा, रामानुज सारस्वत एवं सीमा सोनी को सदस्य बनाया गया है। रेलवे प्रशासन ने इन सभी सदस्यों को स्टेशन से जुड़ी समस्याओं, यात्री सुविधाओं तथा विकास कार्यों के संबंध में सुझाव देने और स्थानीय आवश्यकताओं को रेलवे के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने की जिम्मेदारी सौंपी है। रेलवे के आदेश के अनुसार समिति का कार्यकाल दिसंबर 2027 तक रहेगा। इस अवधि के दौरान समिति को प्रत्येक वर्ष कम से कम तीन बैठकें आयोजित करनी होंगी। बैठकों में भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन के विकास, स्वच्छता, यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा अन्य आवश्यक सुधारों पर चर्चा की जाएगी। समिति द्वारा तैयार किए गए सुझाव एवं अनुशंसाएं रेलवे प्रशासन को भेजी जाएंगी। इन प्रस्तावों पर रेलवे की उच्चस्तरीय समिति द्वारा विचार कर आवश्यकतानुसार निर्णय लिया जाएगा तथा स्वीकृत सुझावों के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। स्टेशन सलाहकार समिति के गठन से स्थानीय नागरिकों, व्यापारिक संगठनों एवं यात्रियों की अपेक्षाओं को रेलवे प्रशासन तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। साथ ही भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन के समग्र विकास और यात्री सुविधाओं में सुधार की दिशा में यह समिति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। स्थानीय स्तर पर समिति के गठन को रेलवे और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

## जन्मदिवस पर विद्यार्थियों को बैग एवं स्टेशनरी सामग्री वितरित



स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** उपखण्ड क्षेत्र की बलदरखा ग्राम पंचायत सर्किल में समाज सेवा एवं शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्री शुभम जीनगर (पुत्र श्री कन्हैया लाल जीनगर), व्याख्याता, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोटरों का खेड़ा ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गौतम नगर, ग्राम पंचायत बलदरखा में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को विद्यालय बैग एवं स्टेशनरी सामग्री वितरित की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. बनवारी लाल जीनगर उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं पीईईओ श्री सत्य प्रकाश खटीक, आर.पी. श्री राजकुमार नायक, प्रधानाध्यापक श्री रामकुमार धोबी (रा.रा.उ.प्रा.वि. फलासिया), श्रीमती सुमन जीनगर (अध्यापिका, करणपुरा), प्रधानाध्यापक श्री ओमप्रकाश आमेटा, श्री देबी सिंह राणावत (अध्यापक) सहित एसएमसी गौतम नगर के सभी सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे....

बैग एवं स्टेशनरी सामग्री प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। उपस्थित अतिथियों ने श्री शुभम जीनगर की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि जन्मदिवस जैसे विशेष अवसरों को समाजहित एवं शिक्षा के उत्थान के कार्यों से जोड़ना प्रेरणादायी संदेश देता है।

## पटवारी हरदेव बैरवा की सेवा समाप्ति को अन्यायपूर्ण बताते हुए भीलवाड़ा में पटवारियों का कलेक्टर के खिलाफ मोर्चा

### काली पट्टी बांध सौंपा ज्ञापन; 30 जुलाई से कार्य बहिष्कार की चेतावनी

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित तहसील कार्यालय के बाहर सोमवार को जिलेभर के पटवारी एवं राजस्व कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। राजस्थान पटवार संघ के नेतृत्व में कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासन पर राजस्व कर्मचारियों के कथित उत्पीड़न का आरोप लगाया। कर्मचारियों का कहना है कि छोटे-छोटे मामलों में भी कठोर कार्रवाई की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में भय का माहौल बन गया है। संघ ने हाल ही में पटवारी हरदेव बैरवा की सेवा समाप्ति को अन्यायपूर्ण बताते हुए आदेश निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि संबंधित मामले में जांच रिपोर्ट और दस्तावेज कर्मचारी के पक्ष में होने के बावजूद बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई। इसके अलावा कई अन्य राजस्व कर्मचारियों को भी बिना स्पष्ट दोष के चार्जशीट देकर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया गया। राजस्थान कानूननों संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र पारीक ने बताया कि जिले में करीब 90 पटवारियों के तबादले होने के बावजूद उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल सभी कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे हैं। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 30 जुलाई से जिलेभर के राजस्व कर्मचारी संपूर्ण कार्य बहिष्कार पर चले जाएंगे, जिससे राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो सकते हैं। पटवार संघ ने ज्ञापन के माध्यम से सेवा समाप्ति के आदेश वापस लेने, कर्मचारियों के खिलाफ कथित दमनात्मक कार्रवाई रोकने तथा स्थानांतरित कर्मचारियों को शीघ्र कार्यमुक्त करने सहित विभिन्न मांगों पर कार्रवाई की मांग की।

## मिसाइल मैन डॉ. कलाम की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने की 'खिराजे अकीदत'

### देश के प्रति उनके योगदान को किया याद

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिला प्रवक्ता अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग आमीन पठान ने बताया की जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में आज देश के पूर्व राष्ट्रपति, 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' और भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साहब की पुण्यतिथि पर एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी खिराजे अकीदत पेश की और उनके महान व्यक्तित्व को याद किया।सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाकर विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाया। एक राष्ट्रपति के रूप में उनका सादगीपूर्ण जीवन और युवाओं के प्रति उनका दृष्टिकोण हमेशा मार्गदर्शक रहेगा। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर डॉ. कलाम साहब के लिए प्रार्थना की गई और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

## भीलवाड़ा में सड़कों पर उतरा गोभक्तों का सैलाब



### 3.47 लाख हस्ताक्षरों के साथ राष्ट्रपति - प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग

### साधु - संत ओर हिन्दू समाज नंगे पांव पहुंचे कलेक्ट्रेट

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** में गो सम्मान अभियान के द्वितीय चरण के तहत सोमवार को हरिशेवा धाम से जिला कलेक्ट्रेट तक विशाल पदयात्रा निकाली गई। विधायक अशोक कोठारी सहित बड़ी संख्या में गोभक्त नंगे पांव चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गो माता को राष्ट्रमाता घोषित करने तथा देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। विधायक अशोक कोठारी ने बताया कि अभियान के तहत देश के 780 जिला केंद्रों पर एक साथ ज्ञापन दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मांग देश की आजादी के समय ही पूरी हो जानी चाहिए थी। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधीजी ने भी स्वराज से अधिक गो रक्षा को महत्वपूर्ण बताया था। कोठारी ने बताया कि अभियान का लक्ष्य 40 करोड़ हस्ताक्षर एकत्र कर केंद्र सरकार को सौंपना है। प्रथम चरण 27 अप्रैल 2026 को पूरा हुआ था, जिसमें सवा पांच करोड़ हस्ताक्षर जुटाए गए। वहीं द्वितीय चरण में देशभर से 15 करोड़ अतिरिक्त हस्ताक्षर जोड़ने का लक्ष्य है। भीलवाड़ा जिले से इस चरण में 3 लाख 47 हजार हस्ताक्षरों से युक्त ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर करेड़ा से महंत सरजू दास के नेतृत्व में तथा घलवा से जैन संत सुरेश मुनि के सानिध्य में गोभक्त पदयात्रा कर भीलवाड़ा पहुंचे। विधायक ने सभी नागरिकों से अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि 'गो माता सुखी होगी, तभी मानव सुखी होगा। '

# 29 तक नहीं मानी मांगें तो 30 जुलाई से थम जाएंगे राजस्व काम, पटवारी-कानूनगो ने दी कलमबंद हड़ताल की चेतावनी

### काली पट्टी बांधकर तहसील से निकाला जुलूस, एसडीएम के माध्यम से कलक्टर को सौंपा ज्ञापन; भयमुक्त कार्य वातावरण समेत कई मांगें उठाईं

स्मार्ट हलचल



**अलकेश पारीक** राजस्थान पटवार-कानूनगो संघ, जिला भीलवाड़ा के आह्वान पर सोमवार को जहाजपुर में पटवारियों और गिरदावरों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर तहसील कार्यालय से एसडीएम कार्यालय तक जुलूस निकाला और उपखंड अधिकारी के माध्यम से जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने चेतावनी दी कि यदि 29 जुलाई 2026 तक उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 30 जुलाई से जिलेभर में पूर्ण कलमबंद हड़ताल (कार्य बहिष्कार) शुरू कर दी जाएगी। संघ ने ज्ञापन में कहा कि राजस्व कर्मचारियों पर लगातार अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे भय का वातावरण बन गया है। विभागीय जांचों में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की अनदेखी कर कठोर कार्रवाई की जा रही है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों ने भयमुक्त कार्य वातावरण उपलब्ध कराने तथा लंबित विभागीय जांचों का निष्पक्ष एवं नियमानुसार निस्तारण कराने की मांग उठाई। ज्ञापन में पटवारी हरदेव लाल बैरवा के विरुद्ध की गई कार्रवाई की पुनः समीक्षा कर प्रकरण को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के तहत सक्षम स्तर पर भेजने की मांग की गई। इसके अलावा अन्य जिलों से स्थानांतरित होकर भीलवाड़ा आए कर्मचारियों को शीघ्र कार्यमुक्त करने तथा वर्तमान में निलंबित सभी पटवारियों और गिरदावरों को तत्काल बहाल करने की मांग भी रखी गई। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि तय समय सीमा तक मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 30 जुलाई से जिलेभर में राजस्व कार्य पूरी तरह ठप हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली सभी परिस्थितियों की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

**हड़ताल हुई तो ये काम होंगे प्रभावित**

नामांतरण और विरासत दर्ज करने के कार्य रुक जाएंगे।

सीमांकन और पैमाइश के मामलों में देरी होगी।

जमाबंदी, नक्शा, फर्द सहित अन्य राजस्व अभिलेख जारी नहीं हो सकेंगे।

राजस्व न्यायालयों एवं प्रशासनिक कार्यों पर असर पड़ेगा।

किसानों और आमजन के भूमि संबंधी कार्य लंबित हो सकते हैं।

**संघ की प्रमुख मांगें**

राजस्व कर्मचारियों के लिए भयमुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

लंबित विभागीय जांचों का निष्पक्ष एवं नियमसम्मत निस्तारण किया जाए।

निलंबित पटवारियों एवं गिरदावरों को तत्काल बहाल किया जाए।

अन्य जिलों से स्थानांतरित कर्मचारियों को शीघ्र कार्यमुक्त किया जाए।

पटवारी हरदेव लाल बैरवा के प्रकरण की नियमानुसार पुनः समीक्षा की जाए।

# गुरु महिमा से सराबोर हुई साहित्यिक गोष्ठी, कविताओं और विचारों से गूंजा शाहपुरा

## गुरु पूर्णिमा पर साहित्यकारों ने किया भारतीय संस्कृति, गुरु-शिष्य परंपरा और राष्ट्र निर्माण का भावपूर्ण गुणगान

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शाहपुरा में आयोजित साहित्यिक गोष्ठी गुरु महिमा, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चिंतन का अनुपम संगम बन गई। कवियों, साहित्यकारों और चिंतकों ने अपनी ओजस्वी, भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियों से ऐसा वातावरण बनाया कि पूरा सभागार गुरु वंदना और भारतीय ज्ञान परंपरा के भावों से गूंज उठा। किसी ने गुरु को अज्ञान के अंधकार को मिटाने वाला प्रकाश पुंज बताया तो किसी ने राष्ट्र निर्माण और संस्कारों की आधारशिला। कार्यक्रम का शुभारंभ साहित्यकार रवीन्द्र सिंह जाड़ावत द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना 'वीणा वादिनी हंस वाहिनी, ध्यान धरूं करूं नमन शारदे' से हुआ। इसके बाद सीए अशोक बोहरा ने महाभारत के प्रसंग पर आधारित कविता 'कुरुक्षेत्र की



रणभूमि में जब शंखों का नाद हुआ...' प्रस्तुत कर धर्म और कर्तव्य का संदेश दिया। गोष्ठी का मुख्य आकर्षण डॉ. सत्यनारायण कुमावत का गुरु विषय पर व्याख्यान रहा। उन्होंने कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाला शिक्षक नहीं, बल्कि शिष्य के भीतर संस्कारों का बीजारोपण करने वाला दिव्य व्यक्तित्व होता है। उपनिषदों के मंत्र 'असतो मा सद्गमय' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाला पथप्रदर्शक है। उन्होंने शिष्य के लिए समर्पण, जिज्ञासा और सेवा भाव को आवश्यक गुण बताया। जयदेव जोशी ने अपने दोहों में गुरु को पर्वत जैसा धैर्यवान और सागर जैसा विशाल बताया। वहीं डॉ. कमलेश पाराशर ने कविता 'देश को जाति में मत बांटो, संस्कार युवाओं में बांटो' के माध्यम से सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया। आशुतोष सिंह सोदा ने 'युगों-युगों की धर्म ध्वजा आर्यावर्त में लहराऊंगा' कविता से राष्ट्रभक्ति का उत्साह जगाया। डॉ. परमेश्वर कुमावत 'परम' ने 'गुरुवर तेरी करूं वंदना' तथा सोमेश्वर व्यास ने गुरु की महत्ता पर आधारित रचना प्रस्तुत कर श्रद्धा व्यक्त की। गोविंद सिंह बड़गुर्जर ने 'ए मेरे गुरु, अज्ञान अंधेरा दूर करो' एवं 'गुरुजी मैं बालक अज्ञानी' जैसे गीत प्रस्तुत किए। वरिष्ठ गीतकार बालकृष्ण जोशी 'बीरा' ने जीवन मूल्यों पर आधारित अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। गोष्ठी में तेजपाल उपाध्याय का व्यंग्य 'दुनिया बदली, समय बदल गया, गुरु अब टीचर हो गया' भी खूब सराहा गया। इसके अलावा ओम माली 'अंगारा', विश्राम 'विष', रवीन्द्र सिंह जाड़ावत तथा कैलाश सिंह जाड़ावत ने भी अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कैलाश सिंह जाड़ावत द्वारा अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय को समर्पित गीत को विशेष सराहना मिली। कार्यक्रम के अंत में गोविंद सिंह बड़गुर्जर ने प्रस्तुत रचनाओं की समीक्षात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसी साहित्यिक गोष्ठियां भारतीय संस्कृति, गुरु-शिष्य परंपरा और नैतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। गुरु वंदना और भारतीय संस्कृति के गौरव के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# धीरज गुर्जर का जन्मोत्सव बनेगा 'गोमाता राष्ट्रमाता' जनआंदोलन



### 11 से 15 अगस्त तक प्रदेशभर में संकल्प यात्रा, संत सम्मान, शिव-नंदी अभिषेक और भीलवाड़ा में होगा विशाल संकल्प समारोह

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं मेवाड़ के वरिष्ठ नेता धर्मवीर धीरज गुर्जर का जन्मोत्सव इस वर्ष 'गोमाता राष्ट्रमाता संकल्प सप्ताह' के रूप में मनाया जाएगा। इसकी जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम खटीक (जीपी) ने सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 11 से 15 अगस्त तक प्रदेशभर में संकल्प यात्रा, संत-महात्माओं व गोसेवकों का सम्मान, शिव-नंदी अभिषेक, पौधारोपण और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 15 अगस्त को भीलवाड़ा में 'गोमाता राष्ट्रमाता संकल्प समारोह' होगा, जिसमें राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से गोभक्त, कांग्रेसजन और समर्थक शामिल होंगे। खटीक ने बताया कि अभियान के तहत बड़े स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्देश्य केवल जन्मोत्सव मनाना नहीं, बल्कि गोसंरक्षण, भारतीय संस्कृति और गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए जनजागरण करना है।

# लघु उद्योग भारती महिला इकाई एवं आरकेआरसी माहेश्वरी महिला संगठन का संयुक्त प्रयास

## महिला उद्यमियों को मिलेगा डिजिटल सफलता का मंत्र, 'डिजिटल सखी' कार्यक्रम प्रारंभ

### डिजिटल सखी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की सशक्त पहल : पल्लवी लढा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** महिलाओं को डिजिटल युग के अनुरूप सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए लघु उद्योग भारती महिला इकाई एवं आरकेआरसी माहेश्वरी महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में डिजिटल सखी कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, विशेष रूप से उद्यमी एवं स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं को डिजिटल तकनीक से जोड़ना, उन्हें आधुनिक व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करना तथा उनके व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि डिजिटल सखी के माध्यम से महिलाओं को डिजिटल साक्षरता, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल



मीडिया के प्रभावी उपयोग, ऑनलाइन उत्पादों के प्रचार-प्रसार, वित्तीय साक्षरता, जीएसटी की मूलभूत जानकारी, डिजिटल भुगतान प्रणाली, ऑनलाइन व्यापार प्रबंधन, ग्राहक संवाद, ब्रांड निर्माण एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। इस प्रशिक्षण से महिलाएं अपने व्यवसाय को आधुनिक तकनीक के अनुरूप संचालित करते हुए अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकेंगी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती महिला इकाई एवं आरकेआरसी माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती पल्लवी लढा ने कहा कि वर्तमान समय पूरी तरह डिजिटल युग का है। यदि महिलाएं तकनीक को अपनाकर अपने व्यवसाय को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ती हैं, तो वे स्थानीय बाजार तक सीमित न रहकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान स्थापित कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल सखी कार्यक्रम महिलाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम साबित होगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में लघु उद्योग भारती महिला इकाई की सचिव डॉ. प्रियंका मेहता, आरकेआरसी माहेश्वरी महिला संगठन की सचिव रंजना बिड़ला, कार्यक्रम प्रभारी दीपशिखा शारदा, प्रिया कोठारी एवं रेखा ईनाणी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर डिजिटल रूप से सक्षम बनने का संकल्प लिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अभियान न केवल महिलाओं की तकनीकी दक्षता बढ़ाएगा, बल्कि उनकी उद्यमिता, स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता को भी नई दिशा प्रदान करेगा। डिजिटल ईगल संस्थान में आयोजित इस प्रशिक्षण में संस्थान की निशा सोनी एवं संदीप पाराशर का विशेष सहयोग रहा।

# सरथला के किसान चोरों से हुए परेशान काछोला थाने में तहसील कार्यालय पर दिया ज्ञापन

### चोरी ऊपर लगे लगाम ग्रामीणों की मांग

### आधे दर्जन से अधिक गांवो के लोग पहुंचे काछोला थाने व तहसील कार्यालय पर



स्मार्ट हलचल

**काछोला** काछोला थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरियों से परेशान होकर आधे दर्जन से अधिक गांवो के किसान काछोला थाने व तहसील कार्यालय पर पहुंचे जहां थाना प्रभारी व काछोला तहसीलदार शैतान सिंह मीणा से चोरियों पर लगाम लगे इसको लेकर वार्ता की। वहीं क्षेत्र में रात्रि के समय ग्रस्त व्यवस्था बढ़ाने की मांग की जिस पर तहसीलदार ने उनकी समस्या का शीघ्र समाधान हो इसका आश्वासन दिया । लगातार हो रही चोरी से अज्ञात चोरों को पकड़ने को लेकर किसान एवं क्षेत्र के लोग लामबद्ध हुए एवं अपना रोष प्रकट किया । तहसील के ग्राम पंचायत सरथला में बीती रात 8 से 10 किसानों की बिजली केबिल, पाइप फवारा लाइन, की चोरी से परेशान किसानों ने भीलवाड़ा एसपी, जिला कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन। जीएसएस अध्यक्ष राधेश्याम कंजर ने बताया कि बीती एक दो रात से लगातार किसानों के चोरियां हो रही है। सरथला निवासी दुर्गा सिंह , राठौर, की 200 फीट बिजली केबल, कई किसानों के फवारा लाइन, व पाइपलाइन, की लगातार चोरी से किसान आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं चोरी की वारदातों को रोकने के लिए भीलवाड़ा जिला कलेक्टर महोदय, व भीलवाड़ा एसपी साहब के नाम ज्ञापन दिया है।

**इन किसानों के हुई है चोरी की वारदात -**

खेत पर चोरी हुई जिन किसानों के नाम दुर्गा सिंह राठौड़, सरदार सिंह मीणा, शांति लाल कंजर, दुर्गा लाल माली, जगदीश धाकड़, बालू बैरवा जिसकी मोटर चोरी हुई है व साथ ही अन्य किसानों के चोरियां हुई है। ज्ञापन कार्यक्रम में , सरथला प्रशासक ब्रह्मा लाल कंजर, दुर्गा सिंह राठौड़ जगदीश धाकड रामकिशन मीणा कन्हैयालाल बलाई, प्रभु लाल दरोगा, सरदार सिंह मीणा, कैलाश धाकड़, शंभू धाकड़, दुर्गा लाल माली, दुर्गा लाल मीणा, फूलचंद धाकड़ सहित आधे दर्जन से अधिक गांव के किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# तृतीय श्रेणी शिक्षकों ने उपखण्ड अधिकारी को ट्रांसफर को लेकर दिया ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**किशन खटीक/** रायपुर 26 जुलाई सहाड़ा(भीलवाड़ा)के समस्त तृतीय श्रेणी शिक्षको ने तृतीय श्रेणी ट्रांसफर को लेकर उपखण्ड अधिकारी रायपुर को मा.मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन सौपा ज्ञापन मे जल्द से जल्द ट्रांसफर की मांग की,3 ग्रेड ट्रांसफर पिछली 2018 में तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा किया गया था तब से लेकर आज तक सरकार द्वारा 3ह्स्र ग्रेड ट्रांसफर बैन कर रखे है,जबकि इन 8 सालों के अंतराल में अन्य संवर्गों सहित सभी विभागों के तबादले कही बार खोले जा चुके है लेकिन,हर बार 3ह्स्र ग्रेड शिक्षको को अनदेखा किया जा रहा है,उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है,यह शिक्षक 8 साल से घर परिवार से दूर ट्रांसफर की पीड़ा झेल रहे है,जबकि 3rd ग्रेड शिक्षक सरकार की रीढ़ की हड्डी है,अगर जल्द से जल्द सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षिकों के ट्रांसफर नहीं खोले तो 3ह्स्र ग्रेड शिक्षको द्वारा जयपुर राजधानी मे उग्र आंदोलन किया जाएगा ज्ञापन के दौरान अटल, रामप्रसाद, जुगराज,हनुमान,राकेश,लवराज गोविंद, नफीस,कमल,सुरेश, रामलखन सहित,सैकड़ो तृतीय श्रेणी शिक्षक उपस्थित रहे

# किंग कोबरा के डंस से महिला की जान बची, जहाजपुर अस्पताल में डेढ़ घंटे में दिए 25 एंटी स्नेक वेनम

## समय पर उपचार से टली अनहोनी, डॉक्टरों ने बारिश के मौसम में सांप के काटने पर झाड़-फूंक से बचने की दी सलाह

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर** उपजिला चिकित्सालय में रविवार अलसुबह किंग कोबरा के डंस का एक गंभीर मामला सामने आया, जहां चिकित्सकों की त्वरित कार्रवाई और समय पर उपचार से एक महिला की जान बच गई। वर्तमान में महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है और उसे चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ निवासी कविता पत्नी रमेश काटेकर, जो बिहाड़ा रोड स्थित एक ईंट भट्टे पर कार्य करती हैं, को सुबह करीब 6 बजे किंग कोबरा ने डंस लिया। परिजन गंभीर अवस्था में महिला को तत्काल जहाजपुर उपजिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। परिजन पहचान के लिए मृत किंग कोबरा को भी अपने साथ लेकर आए। अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. नईम अख्तर ने बिना समय





गंवाए महिला का उपचार शुरू किया। आवश्यक इमरजेंसी दवाओं के साथ स्नेक एंटी वेनम की डोज दी गई। किंग कोबरा के विष के प्रभाव को देखते हुए करीब डेढ़ घंटे के भीतर महिला को 25 वायल स्नेक एंटी वेनम दिए गए तथा अन्य आवश्यक जीवनरक्षक उपचार किया गया। चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप मीणा ने बताया कि किंग कोबरा का विष मानव शरीर में न्यूरोटॉक्सिक और हीमोटॉक्सिक प्रभाव डाल सकता है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर मरीज की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। फिलहाल महिला की स्थिति स्थिर है, सभी महत्वपूर्ण पैरामीटर सामान्य हैं और एहतियात के तौर पर उसे दो दिन तक चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाएगा। डॉ. दिलीप मीणा और डॉ. नईम अख्तर ने बारिश के मौसम में जहरीले सांपों के निकलने की आशंका को देखते हुए आमजन से अपील की कि सांप काटने की स्थिति में झाड़-फूंक या झोलाछाप के चक्कर में समय बर्बाद न करें, बल्कि तुरंत नजदीकी सरकारी चिकित्सालय पहुंचें। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में किंग कोबरा, वाइपर और करैत जैसे अत्यंत विषैले सांप पाए जाते हैं, इसलिए समय पर उपचार ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है। महिला के परिजनों ने समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए जहाजपुर उपजिला चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं पूरे स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीणों ने नाले व नालियों की सफाई को लेकर विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा / रायपुर।** पंचायत समिति के राजस्व ग्राम सुरास के ग्रामीणों ने नाले व नालियों के बंद होने के कारण बारिश के पानी का रोड पर भराव हो जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने साफ सफाई करवाने के लिए पंचायत समिति के विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा । सुरास भाजपा के बूथ अध्यक्ष कवि दिलखुश राव ने बताया कि ग्रामवासियों ने वर्षो की उपरोक्त समस्या को लेकर कई बार सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी को इस संबंध में शिकायत कर समाधान का आग्रह किया लेकिन अभी तक भी कोई कार्यवाही नही की गई । वर्तमान मे वर्षा ऋतु के कारण गंदे पानी की उचित निकासी नही होने के कारण मौसमी बीमारियां फैलने का भी खतरा है । ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन मे गाँव के अत्यधिक पानी भराव होने वाले दो रास्तों पर सी सी रोड़ निर्माण करवाए जाने एवं सार्वजनिक पानी की टंकी के आसपास भी सफाई करवाए जाने का आग्रह किया । इस दौरान भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक घनश्याम कुमावत, जगन्नाथ मांगीलाल शंकर कुमावत सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे ।

# हिंदुस्तान जिंक ने लगाए 8.55 लाख से अधिक पौधे, पर्यावरण संरक्षण में नई मिसाल

## जैव विविधता संरक्षण, पारिस्थितिकी तंत्र बहाली और देशी प्रजातियों के संवर्धन की दिशा में बड़ा कदम

### प्रकृति संरक्षण जिम्मेदार खनन का अभिन्न हिस्सा है, हरित भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है हिंदुस्तान जिंक : अरुण मिश्रा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी और विश्व की शीर्ष 10 चांदी उत्पादक कंपनियों में शामिल हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही तक



8.55 लाख से अधिक पौधरोपण किया है। यह उपलब्धि कंपनी की जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण पुनर्स्थापन और जलवायु संरक्षण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वैज्ञानिक वनीकरण, प्राकृतिक आवासों की बहाली और जैव विविधता प्रबंधन कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदुस्तान जिंक राजस्थान और उत्तराखंड में अपने परिचालन क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्यरत है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान ही कंपनी ने 1,13,500 से अधिक पौधे लगाए है। यह कंपनी के वर्ष 2030 तक जैव विविधता हानि को रोकने और प्राकृतिक संसाधनों, वनस्पतियों तथा पारिस्थितिक तंत्र की गुणवत्ता एवं मजबूती बढ़ाने के दीर्घकालिक लक्ष्य का हिस्सा है। इस अवसर पर हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि, जिम्मेदार खनन केवल बेहतर संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण तैयार करने से भी जुड़ा है। हमारा हर प्रकृति संरक्षण अभियान औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वैज्ञानिक तरीकों, नवाचार और साझेदारी के माध्यम से हम ऐसा सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव पैदा करना चाहते हैं, जिससे प्रकृति और उद्योग दोनों साथ-साथ आगे बढ़ सकें। हिंदुस्तान जिंक ने अपने विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में स्थानीय पर्यावरणीय जरूरतों के अनुरूप कई महत्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं। राजस्थान स्थित चंदेरिया लेड-जिंक स्मेल्टर में कंपनी ने माइकोराइजा तकनीक की मदद से 22.25 हेक्टेयर जारोफिक्स यार्ड का पुनर्स्थापन किया है और आगे 250 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक वन विकास का लक्ष्य रखा है। ग्रीन जावर पहल के तहत जावर माइंस समूह ने रावा गांव में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया है, जिससे स्थानीय समुदाय की भागीदारी बढ़ी है और क्षेत्र की जैव विविधता को भी मजबूती मिली है। कंपनी ने राजपुरा दरीबा, चंदेरिया, देबारी और कायड़ में मियावाकी तकनीक को अपनाया है। इस तकनीक से सघन और तेजी से विकसित होने वाले देशी वन तैयार किए जा रहे हैं, जो जैव विविधता बढ़ाने और कार्बन अवशोषण में मददगार हैं। इसके अलावा, रामपुरा आगुचा माइंस में देशी पौधों के संरक्षण और भविष्य के वृक्षारोपण कार्यक्रमों के लिए पौध तैयार करने हेतु विशेष नर्सरी विकसित की गई है। जैव विविधता संरक्षण को और मजबूत करने के लिए हिंदुस्तान जिंक ने इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के सहयोग से अपने बायोडायवर्सिटी मैनेजमेंट प्लान को विकसित और अद्यतन किया है। कंपनी का लक्ष्य नो नेट लॉस ऑफ बायोडायवर्सिटी हासिल करना है, अर्थात् विकास गतिविधियों के बावजूद जैव विविधता में कुल मिलाकर कोई नुकसान न हो।

# काछोला में धूमधाम से निकाली गई लोक देवता घास भैरू की सवारी

## बीमारियां दूर होने और अच्छी बारिश की है मान्यता

स्मार्ट हलचल



**काछोला**-कस्बे में बरसों से चली आ रही है परंपरा सारे गांव वाले मिलकर निकालते हैं रविवार शाम को भेरु जी की सवारी घास भैरू निकालने की परंपरा काछोला में वर्षों से चली आ रही है। कस्बे के वंश प्रदीप सिंह सोलंकी ने बताया कि गांव में खुशहाली और बीमारियों से रक्षा के लिए घास भेरू की सवारी निकाली जाती हैं। मान्यता के अनुसार उसके लिए गांव में जगह जगह मंदिरों के बाहर औषधी मेखला बांधी जाती थी। घास भेरू की सवारी जब इन मेखलाओं के नीचे से गुजरती थी तो उसके पीछे सारे गांव के लोग भी गुजरते थे। इन मेखलाओ में विभिन्न जड़ी बूटियों और आयुर्वेदिक वृक्षों की पत्तियों को बांधा जाता था। जिसके नीचे गुजारने से कई मौसमी रोग ठीक हो जाया करते थे। कहा जाता है कि गांव के चारों ओर इस तरह कि मेखला बांधने से कोई भी महामारी गांव में नहीं आती थी। घास भैरू एक बड़ा सा पत्थर का बना होता है जिसके ऊपर कामी पाठा लगाया होता है। इसे लकड़ी के टुकड़ों पर सवार कर सारे गांव वाले अपने बेलों के साथ इसे खींचते हुए गांव के एक छोर से दूसरे छोर पर ले जाते हैं। लेकिन अब ग्रामीणों की मदद से घास भैरु को खींचा जाता है। कस्बे में सदर बाजार स्तिथ घास भैरु के स्थान पर घास भेरू की विशेष पूजा अर्चना की जाती है सारे गांव वाले कामी, नारियल, अगरबत्ती सहित आदि पूजा सामग्री से की जाती है,माना जाता है कि घास भैरू गांव की प्राकृतिक आपदाओं और महामारी से रक्षा करता है। जयकारों के उद्घोष से मनाया जाता है घास भैरु को -जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम पूजा अर्चना कर घास भेरू को एक छोर से दूसरे छोर ले जाया जाता है ग्रामीणों की मदद से घास भैरु को खींचा जाता है। कभी सवारी आसानी से निकलती है तो कभी घास भेरू अड़ जाते हैं। फिर शुरू होता है मनाने का दौर घांस भेरू पर पूजा अर्चना कर,नारियल चढ़ाकर जयकारों का उदघोष कर घांस भेरू को मनाया जाता है। उसके बाद फिर घास भैरव की सवारी आगे बढ़ने लगती है। जोश उमंग के साथ घास भैरू को दूसरे छोर तक ले जाकर पुनः मुख्य स्थान पर लाकर कार्यक्रम का समापन होता है।

### घास भैरुजी महाराज की महाआरती कर प्रसाद का वितरण

कस्बे में रविवार शाम को घांस भैरु की सवारी निकाली और वर्षो से चली आ रही इस धार्मिक परम्परा का निर्वाह किया जाता है। सदर बाजार स्तिथ हनुमान मंदिर के पास में घास भैरु से सुख, शांति,समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर घांस भेरू की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर सवारी शुरू होकर कस्बे के अंदर चक्कर लगाते हुए मुख्य स्थान पर पहुंची। जहां भैरू जी महाराज की महाआरती कर प्रसाद वितरण के साथ सवारी का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने सवारी के रास्ते मे विभिन्न चौक चौराहों पर घास भैरु जी की प्रतिमा पर तेल, सिंदूर,नारियल, अगरबत्ती चढ़ाकर मन्नत मांगी।

### इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए निकाली सवारी

समाज सेवी वंश प्रदीप सिंह सोलंकी ने बताया कि कस्बे में रविवार को लोक देवता घास भैरू की सवारी निकाली गई, मान्यता है कि इनकी सवारी निकालने से क्षेत्र में बीमारियां नहीं फैलती हैं और अच्छी बारिश होती है, जिससे फसलें लहलहाने लगती हैं. लोक मान्यताओं के अनुसार, बारिश के देवता इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए कहीं हल चलाया जाता है तो कहीं यज्ञ और अनुष्ठान किए जाते हैं लेकिन काछोला इलाके में लोक देवता घास भैरू की सवारी निकाली जाती है, माना जाता है कि इससे घास भैरू इंद्र देव के पास जाकर बारिश करवाते हैं।

# गौठ में तय हुई समाज की नई दिशा 'गूंजा 'शिक्षा और एकता' का नारा

## युवा कमेटी की पहल से होगा समाज की तरक्की का खाका तैयार



**मनोहरपुर** जाति-पाति और ऊंच-नीच की दीवारें तोड़कर जब पूरा समाज एक मंच पर आ जाए, तो तरक्की की राह खुद बन जाती है। ऐसा ही नजारा देखने को मिला युवा कमेटी सामोद द्वारा आयोजित भव्य गौठ में। 'युवा कमेटी समोद आपका तहे दिल से इस्तकबाल करती है' के बैनर तले सज़े इस गौठ में लोहार समाज के बूढ़े, युवा, महिला और बच्चे एक साथ बैठे। मकसद सिर्फ एक था - समाज को आगे ले जाना।

**गौठ के 3 बड़े प्रस्ताव - जो बदलेंगे समाज की तस्वीर**

1. शिक्षित बनो अभियानः हर घर से कम से कम 1 बच्चे को 12वीं तक और बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने का संकल्प। 'कलम ही सबसे बड़ा हथियार है' का उद्घोष।
2. संगठित रहो आंदोलनः आपसी मतभेद भुलाकर हर महीने समाज की बैठक करने और जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए 'समाज कोष' बनाने पर सहमति।
3. रोजगार और स्वाभिमानः पारंपरिक कारीगरी के साथ-साथ युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर जोर।

**मंच से गूंजे शब्द**

**वरिष्ठजनों ने कहा** - 'अब समय आ गया है कि हम सिर्फ कामगार नहीं, बल्कि डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर और उद्यमी भी बनें। इसके लिए शिक्षा और संगठन दो ही रास्ते हैं।'

**युवाओं ने प्रण लिया कि वे नशे और कुरीतियों से दूर रहकर समाज का नाम रोशन करेंगे।**

**संदेश साफ है**

इस गौठ ने साबित कर दिया कि जब अपने-पराए सब एक जगह बैठकर बात करते हैं, तो समस्या नहीं समाधान निकलता है। युवा कमेटी सामोद की इस पहल को पूरे क्षेत्र में सराहा जा रहा है।

'एकता में शक्ति है, और शिक्षित समाज ही सशक्त समाज है' - यही इस गौठ की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।

कमेटी के मेंबर रहीम खान लोहार व जुबेर जिंदरानू ने बताया कि इस अवसर पर अब्दुल वाहिद मनियार अध्यक्ष मेनू लोहार उपाध्यक्ष

**रहीम लोहार कोषाध्यक्ष जुबैर लोहार पूर्व अध्यक्ष ( कमेटी निर्माता)**

शाहरुख मणियार जावेद शाह आसीफ लीलकर शहज़ाद शाह अल्ताफ़ लुहार नासीर लोहार फ़िरोज़ लोहार मोशिन लोहार मोशिन शाह आफ़ताब तेली तोशिफ कुरैशी साकिर क़ुरैशी मुज्जमील लोहार रफ़ीक़ तेली दानिश लोहार आदि उपस्तिथ थे!

छोटीसादड़ी नगर कांग्रेस के 25 वार्ड अध्यक्ष घोषित

# प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व की सहमति एवं वरिष्ठ नेताओं की अनुशंसा पर जारी हुई नियुक्तियां

## वार्ड स्तर पर संगठन विस्तार को गति, कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की पहल

स्मार्ट हलचल

**छोटीसादड़ी,** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुशासन समिति अध्यक्ष एवं पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया, जिला कांग्रेस प्रभारी हगामीलाल मेवाड़ा, सह प्रभारी छोटूसिंह मीणा एवं निम्बाहेड़ा-छोटीसादड़ी विधानसभा क्षेत्र प्रभारी राजसिंह झाला की सहमति से छोटीसादड़ी नगर पालिका क्षेत्र के सभी 25 वार्डों के लिए कांग्रेस वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमृतलाल बण्डी द्वारा इस संबंध में नियुक्ति आदेश जारी किए गए। जारी आदेश के अनुसार संगठन को वार्ड एवं बूथ स्तर तक अधिक सक्रिय, सशक्त एवं जनसंपर्क आधारित बनाने के उद्देश्य से इन नियुक्तियों को अंतिम रूप दिया गया है। नियुक्त वार्ड अध्यक्ष कांग्रेस की संगठनात्मक गतिविधियों को प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाने तथा आमजन के बीच पार्टी की रीति-नीति एवं जनहितकारी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

**घोषित वार्ड अध्यक्ष**

नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी सूची के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 से कैलाश शर्मा, 2 से राजेन्द्र यादव, 3 से देवीलाल खटीक, 4 से पंकज सोनी, 5 से शांतिलाल पाटीदार, 6 से हरीश टेलर, 7 से राहुल कुमावत, 8 से अरविंद नाहर, 9 से समीउल्लाह खान, 10 से धनराज गायरी, 11 से माणक वैष्णव, 12 से आशुतोष नागदा, 13 से यासिर खान, 14 से सुरेश जटिया, 15 से आशीष शर्मा, 16 से राकेश कुमार तेली, 17 से दीपक व्यास, 18 से सुमित चपलोत, 19 से राजकुमार लसोड़, 20 से ललित सोनी, 21 से महेश कुमावत, 22 से प्रदीप ओमेटा, 23 से अशोक देवड़ा, 24 से हेमंत डूंगरवाल तथा 25 से गोविंद नरेड़ी को वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमृतलाल बण्डी के हस्ताक्षर से जारी नियुक्ति आदेश में सभी नवनियुक्त वार्ड अध्यक्षों से संगठन के प्रति निष्ठा, अनुशासन एवं सक्रियता के साथ कार्य करते हुए कांग्रेस की रीति-नीति, जनहितकारी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा बूथ एवं वार्ड स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया गया है।

नगर कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव नरेन्द्र मराठा द्वारा जारी इस नियुक्ति आदेश के साथ ही छोटीसादड़ी नगर कांग्रेस संगठन के वार्ड स्तर पर विस्तार की प्रक्रिया को महत्वपूर्ण मजबूती मिली है।

# सांवरिया धाम बामनिया में गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल

**ओम जैन शंभूपुरा। शंभूपुरा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांवरिया धाम बामनिया में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरुपूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए ग्राम वासियों ने बताया कि शंभूपुरा ग्राम पंचायत के बामनिया के सांवरिया जी मन्दिर परिसर में बुधवार 29 जुलाई को पुजारी गुरुजी शंकरलाल जी प्रजापत के सानिध्य में यह महोत्सव आयोजित होगा, जिसमें बुधवार सुबह 11 बजे महिला भजन संध्या, सुबह 9:15 से हवन आहुति एवं प्रातः 10:50 से गुरु पूजन होगा। आयोजन समिति के सदस्यों के अनुसार हर वर्ष हजारों की संख्या में भक्त चित्तौड़ जिले सहित आसपास के कई जिलों एव मध्यप्रदेश, गुजरात से गुरु पूर्णिमा पर यहाँ आते है और गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करते है, इस भव्य आयोजन ओर आने वाले हजारों भक्तों के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया।

*महात्मा गांधी अस्पताल प्रकरण*

# 5000 से अधिक नागरिकों ने प्रधानमंत्री को भेजे अंतर्देशीय पत्र, माताओं को न्याय दिलाने की उठाई मांग...

## सर्व समाज का जन-अभियान, दोषियों पर कार्रवाई और सरकारी चिकित्सा व्यवस्था में सुधार की मांग

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** महात्मा गांधी चिकित्सालय में प्रसूताओं की मौत के मामले में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने तथा सरकारी चिकित्सा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर सोमवार को सूचना केंद्र चौराहा, भीलवाड़ा पर सर्व समाज की ओर से विशेष 'अंतर्देशीय पत्र कार्ड हस्ताक्षर अभियान' आयोजित किया गया। शाम 4 बजे से 7 बजे तक चले इस अभियान में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। अभियान में रितेश गुर्जर, राघव कोठारी, पवन त्रिपाठी, बनवारी गाडरी, नरेश ओझा, सुरेश उपाध्याय, शिवलाल सुथार, देवदत्त पाराशर, हिमांशु सेन, रमेश धोबी, दीपेश खटीक, पीताम्बर उपाध्याय, चंद्रप्रकाश शर्मा, नवीन शर्मा, दीपक उपाध्याय, किशन सेन एवं हर्षित सेन सहित सर्व समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। अभियान को आमजन का व्यापक समर्थन मिला। आयोजकों के अनुसार 5000 से अधिक नागरिकों ने अंतर्देशीय पत्र कार्ड पर हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से महात्मा गांधी चिकित्सालय में हुई माताओं की मौत के मामले में पीड़ित परिवारों को शीघ्र न्याय दिलाने, दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा सरकारी चिकित्सा व्यवस्था में आवश्यक सुधार कराने का आग्रह किया। अभियान के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पीड़ित परिवारों द्वारा पुलिस एवं जिला प्रशासन को शिकायतें दिए जाने के बावजूद अब तक न तो दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया और न ही प्रभावी कार्रवाई हुई है। उनका आरोप था कि अस्पताल प्रशासन की ओर से भी मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे आमजन में आक्रोश और निराशा व्याप्त है। आयोजकों ने कहा कि स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों से अपेक्षित कार्रवाई नहीं मिलने के बाद अब सर्व समाज ने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। इसी उद्देश्य से हजारों अंतर्देशीय पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई, पीड़ित परिवारों को न्याय एवं उचित सहायता, महात्मा गांधी चिकित्सालय की चिकित्सा व्यवस्था का स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्थायी सुधार लागू करने की मांग की गई।

# शाहपुरा की धरोहर को मिलेगा नया गौरव, दो भव्य पैनोरमा बनेंगे इतिहास और आध्यात्म का जीवंत दस्तावेज

## राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, जोधपुर के गुलाबी पत्थर से निखरेगी विरासत की पहचान

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** राजस्थान की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक जीवंत रूप में पहुंचाने की राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अब शाहपुरा में साकार होती नजर आ रही है। क्रांतिकारी शहीद ठाकुर केसरी सिंह बारहठ तथा विश्वविख्यात रामस्नेही संप्रदाय पर आधारित दो भव्य पैनोरमा का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इन दोनों परियोजनाओं का राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने मौके पर पहुंचकर गहन निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता, स्वरूप तथा समयबद्धता को लेकर अधिकारियों एवं संवेदकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लखावत ने कहा कि पैनोरमा केवल भवन नहीं होते, बल्कि वे किसी महापुरुष, संस्कृति, इतिहास और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत परिचय होते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि दोनों पैनोरमा के निर्माण में जोधपुर के गुलाबी पत्थर का उपयोग कर भवनों को राजस्थानी स्थापत्य की भव्यता एवं सांस्कृतिक गरिमा के अनुरूप संवारा जाए, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को राजस्थान की समृद्ध विरासत का वास्तविक अनुभव हो सके। उन्होंने निर्माण कार्य में लगे इंजीनियरों, कारीगरों और संवेदकों से कहा कि गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा प्रत्येक कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूरा किया जाए।

### क्या होता है पैनोरमा

राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश के महापुरुषों, लोकदेवताओं, स्वतंत्रता सेनानियों, संतों एवं ऐतिहासिक विभूतियों के जीवन, संघर्ष, विचार और योगदान को आधुनिक तकनीक के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर पैनोरमा विकसित किए जा रहे हैं। इन पैनोरमा में आकर्षक दीर्घाएं, दुर्लभ चित्र, मूर्तियां, डिजिटल डिस्प्ले, ध्वनि-प्रकाश (साउंड एंड लाइट) प्रभाव, मल्टीमीडिया प्रस्तुति तथा ऐतिहासिक घटनाओं का जीवंत चित्रण किया जाता है। इससे नई पीढ़ी अपनी गौरवशाली विरासत से जुड़ती है, वहीं पर्यटन को भी नया आयाम मिलता है। शाहपुरा में निर्माणाधीन ठाकुर केसरी सिंह बारहठ पैनोरमा स्वतंत्रता आंदोलन के उस महान क्रांतिकारी की राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान की अमर गाथा को प्रदर्शित करेगा, जिन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध चेतना का अलख जगाया। वहीं रामस्नेही संप्रदाय पैनोरमा संत परंपरा, आध्यात्मिक जीवन, मानवता, प्रेम, सेवा और स्वामी रामचरणजी महाराज की शिक्षाओं को आधुनिक माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त केंद्र बनेगा। निरीक्षण के दौरान लखावत ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों से भी चर्चा की और विश्वास जताया कि दोनों पैनोरमा पूर्ण होने के बाद शाहपुरा प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। इस अवसर पर शाहपुरा के पूर्व पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश पारीक, प्रताप सिंह बारहठ सेवा संस्थान के सचिव कैलाश जाड़ावत, युवराज सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक वाकपीठ माध्यमिक शिक्षा का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल




**गंगापुर** - कस्बे के पीएमश्री राउमावि में जिला भीलवाड़ा के माध्यमिक शिक्षा के शारीरिक शिक्षकों की दो दिवसीय वाकपीठ का शुभारंभ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरोत्तम दाधीच की अध्यक्षता में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि अमित तिवारी भाजपा नगर अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र सुथार, उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा दशरथ पुरी गोस्वामी,राजेंद्र बंसल, रमेश साहू, निखिल हेड़ा, विजयलक्ष्मी जीनगर,सतीश पिछोलिया थे समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रजलन द्वारा की गई। संस्था प्रधान गोवर्धन लाल स्वर्णकार ने आगंतुक अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शारीरिक शिक्षकों का स्वागत अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि दशरथ पुरी गोस्वामी ने सभी शारीरिक शिक्षकों को प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए नियमों की जानकारी की आवश्यकता पर जोर दिया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र सुथार ने विद्यालय में शारीरिक शिक्षक को विद्यालय की धुरी तथा अनुशासन बनाए रखने वाला बताया। उन्होंने निर्देश दिए की प्रतियोगिताओं में पूर्ण ईमानदारी से कार्य करें ताकि विवादों से बचा जा सके। पूर्व प्रधानाचार्य मुरली मनोहर भट्ट ने शारीरिक शिक्षकों की विद्यालय प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका को इंगित किया। मुख्य अतिथि अमित तिवारी ने सभी मेहमानों का गंगापुर की धरती पर पधारने पर हार्दिक अभिनंदन किया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरोत्तम दाधीच ने शारीरिक शिक्षकों की भूमिका एवं विभागीय नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी शिक्षकों से आव्हान किया कि दो दिन में होने वाली वार्ताओं को गंभीरता से लेकर नवाचारों को अपने विद्यालय में लागू करें। वाकपीठ के प्रथम दिवस पर विभिन्न विद्यालयों से आए शारीरिक शिक्षकों ने विभिन्न विषयों पर अपनी वार्ताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन रोशन देवपुरा ने किया तथा रामचंद्र शर्मा व सुखलाल कुमार ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अनिल कुमार शर्मा, प्रहलाद राय तेली, नारायण सिंह चुंडावत, रूप नारायण विश्नोई, रेखा जीनगर, राकेश खटीक ,राकेश त्रिवेदी, जगदीश माली, कपिल माली, विभुराज सिंह चौहान, नवरत्न चंदेल आदि उपस्थित थे ।

# निर्मल मन फाउंडेशन के तत्वावधान में भव्य रक्तदान शिविर, 51 यूनिट रक्त संग्रहित

स्मार्ट हलचल

**जयपुर/भरत देवड़वाल।** निर्मल मन फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को शिव शक्ति छात्रावास, गांधीनगर रेलवे स्टेशन के पास एक भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के उपाध्यक्ष राहुल सैनी एवं सचिव कविता झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात शिविर का विधिवत संचालन हुआ, जिसमें कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी, एसीबी संदीप सारस्वत ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने निर्मल मन फाउंडेशन के



सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए संस्था के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम जारी रखने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि तारा बेनीवाल ने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जीवन बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान करने और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। शिविर का संयोजन संस्था के संयोजक अविरल राजपूत ने किया। उनके नेतृत्व में टीम ने सभी व्यवस्थाओं का कुशल संचालन किया, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**निर्मल मन फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत**

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कैलाश ओझा ने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि निर्मल मन फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है और आगे भी ऐसे अभियान चलाता रहेगा। उपाध्यक्ष राहुल सैनी ने कहा कि युवाओं का उत्साह प्रेरणादायक है। रक्तदान केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम भी है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों और सहयोगियों का आभार जताया। सचिव कविता झा ने कहा कि समाज में रक्त की आवश्यकता निरंतर बनी रहती है। समय पर उपलब्ध रक्त किसी मरीज के लिए जीवनदान बन सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से नियमित रक्तदान और जनसेवा अभियानों से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में संस्था के कोषाध्यक्ष रोशन झा, जुगल सिंह जादौन सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे। अंत में सभी रक्तदाताओं, अतिथियों एवं सहयोगियों का सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया।

## सांकली गांव में बीसलपुर पाइपलाइन फूटी 15 दिन से पेयजल संकट, ग्रामीण परेशान

स्मार्ट हलचल

**(देवली), टोंक** कनवाडा ग्राम पंचायत के सांकली गांव में इन दिनों पेयजल संकट गहरा गया है। गांव के पास से गुजर रही बीसलपुर योजना की मुख्य पाइपलाइन में पिछले 15 दिनों से गंभीर लीकेज बना हुआ है। इसके कारण हजारों लीटर शुद्ध पेयजल रोजाना व्यर्थ बह रहा है और सांकली गांव के निवासियों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर जलदाय विभाग के कर्मचारियों को कई बार सूचित किया जा चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना मिलने पर विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचते हैं, लेकिन केवल कागजी कार्रवाई करके लौट जाते हैं। समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं होने के कारण पिछले दो सप्ताह से स्थिति जस की तस बनी हुई है। पेयजल आपूर्ति बाधित होने से नाराज ग्रामीणों ने विभाग की कार्यशैली पर रोष व्यक्त किया है। राधेश्याम, राकेश, मायराम, हनुमान, मनीष, प्रधान और राजेंद्र मीणा सहित कई ग्रामीणों ने जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस लीकेज को दुरुस्त कर सुचारु जलापूर्ति शुरू नहीं की गई, तो वे विभाग के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



## प्राज्ञ ग्रुप में गुरु पूर्णिमा महोत्सव व वृक्षारोपण अभियान

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर अनिल जांगिड़।** प्राज्ञ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं वृहद् वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री नरेन्द्र कुमार श्रीश्रीमाल रहे, जबकि अध्यक्षता श्री सम्पतराज चपलोत ने की। मुख्य अतिथि ने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम में गुरु वंदना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कराटे, दीप योग एवं वेटलिफ्टिंग का प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर श्री प्रेमराज बोहरा, श्री अजीत लोढ़ा, श्री ज्ञानचंद कोठारी, श्री संजीव भटेवड़ा, श्री अनुराग चोरड़िया, श्री अंकुश नाहर, श्री दिलीप मेहता, श्री नरेंद्र बडोला, श्री पूनम बम्ब, श्री पुखराज डांगी, श्री सुरेन्द्र पीपाड़ा, श्री गोपीचंद चोरड़िया एवं श्री अंकित तातेड़ सहित संस्थान के पदाधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने फलदार व छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

ब्यावर में एनकॉर्ड की समीक्षा बैठकः 'नशा मुक्त ब्यावर' अभियान को जन आंदोलन बनाने पर जोर

## नशे के खिलाफ सख्त प्रशासनः 'नशा मुक्त ब्यावर' को जन आंदोलन बनाने का आह्वान, कड़े निर्देशों के साथ NCORD की बैठक संपन्न

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** जिले में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी, कारोबार और नशे के सेवन पर पूर्ण अंकुश लगाने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर (NCORD) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट ने की, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया सहित पुलिस, चिकित्सा, शिक्षा, आबकारी और राजस्व विभागों के उच्च अधिकारी शामिल हुए। बैठक में एडीएम ब्रह्मलाल जाट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 'नशा मुक्त ब्यावर' अभियान को एक जन




आंदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस-1933' का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और खुफिया तंत्र को मजबूत कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**शिक्षा संस्थानों के पास नियमित जांच और साइबर पेट्रोलिंग**

बैठक में निर्णय लिया गया कि स्कूल, कॉलेज और पुस्तकालयों के आसपास स्थित चाय-पान की दुकानों का नियमित संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित और साइकोट्रॉपिक दवाओं की बिक्री की सघन जांच होगी। वहीं, एएसपी डॉ. अनुकृति उज्जैनिया ने बताया कि डार्क नेट से होने वाली तस्करी को रोकने के लिए साइबर पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी और ह्यूमन इंटेलिजेंस को और मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा, जिला अस्पताल स्थित डी-एडिक्शन सेंटर (नशा मुक्ति केंद्र) के सुचारू संचालन, युवाओं व महिलाओं की भागीदारी से जागरूकता कार्यक्रम चलाने और संवेदनशील इलाकों में अवैध लैब्स पर नजर रखने के भी निर्देश दिए गए।

## रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के रामगढ़ महल का होगा कायाकल्प, पर्यटन को लगेंगे नए पंख



स्मार्ट हलचल

**बूंदी- बूंदी** जिले के 'पंच गौरव' में शामिल रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व (आरवीटीआर) क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक रामगढ़ महल जल्द ही एक नए और बेहद आकर्षक रूप में नजर आएगा। इस प्राचीन ऐतिहासिक विरासत को एक उत्कृष्ट पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है। महल के कायाकल्प और जीर्णोद्धार पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से विशेष रिनोवेशन कार्य करवाए जाएंगे। रामगढ महल में करवाए जाने वाले रिनोवेशन कार्यों को लेकर सोमवार को जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव की अध?यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक?टर ने रिनोवेशन कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन?होंने निर्देश दिए कि रिनोवेशन के सभी कार्यों को पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करवाया जाएं।

**गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जावें**

जिला कलक्टर ने कहा कि रामगढ महल के रिनोवेशन से टाइगर रिजर्व में ईको-पर्यटन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिलेगा। साथ ही रामगढ़ महल को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई और सशक्त पहचान भी मिलेगी। पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बैठक में आरवीटीआर के डीएफओ अरुण कुमार डी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश देव, उपखण्ड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीना और संग्रहालयाध्यक्ष जगदीश समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

## 821 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा पर निकले पोटलां के दो शिवभक्त, हरिद्वार से गंगाजल लाकर करेंगे महादेव का

*चार राज्यों और अनेक शहरों-गांवों से होकर पहुंचेगी आस्था की पदयात्रा, रोहित गवारिया व हर्षित खोईवाल बने युवाओं के लिए प्रेरणा*

स्मार्ट हलचल

**पोटलां।** आस्था, भक्ति और अटूट संकल्प का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पोटलां कस्बे के दो युवा रोहित गवारिया और हर्षित खोईवाल हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर करीब 821 किलोमीटर की कठिन कांवड़ पदयात्रा पर निकले हैं। दोनों शिवभक्त पैदल यात्रा पूरी कर पोटलां स्थित प्राचीन महादेव मंदिर पहुंचेंगे, जहां भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से विधि-विधानपूर्वक जलाभिषेक करेंगे। हरिद्वार के लिए रवाना होने से पहले दोनों युवाओं का कस्बे के लोगों एवं बुजुर्गों ने स्वागत कर सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

**चार राज्यों से होकर गुजरेगी आस्था की यात्रा**

यह कांवड़ यात्रा उत्तराखंड के हरिद्वार से शुरू होकर उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और अंत में राजस्थान तक पहुंचेगी। लगभग 821 किलोमीटर की इस कठिन पदयात्रा के



दौरान दोनों शिवभक्त अनेक महानगरों, कस्बों, गांवों और राष्ट्रीय राजमार्गों से गुजरते हुए 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ अपनी यात्रा पूरी करेंगे।

**कठिनाइयों के बीच अडिग है संकल्प**

लंबी दूरी, कड़ी धूप, बरसात, रात का सफर और पैरों में पड़ने वाले छालों जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद रोहित गवारिया और हर्षित खोईवाल का उत्साह और संकल्प लगातार मजबूत बना हुआ है। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर शिवभक्तों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा दोनों कांवड़ियों का स्वागत किया जा रहा है, जिससे उनका मनोबल और अधिक बढ़ रहा है।

**महादेव मंदिर में होगा गंगाजल से जलाभिषेक**

कई दिनों की पदयात्रा पूरी करने के बाद दोनों कांवड़िए पोटलां पहुंचकर प्राचीन महादेव मंदिर में भगवान शिव का गंगाजल से जलाभिषेक करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और भाईचारे की कामना की जाएगी।

रोहित गवारिया और हर्षित खोईवाल की यह कठिन एवं प्रेरणादायी कांवड़ यात्रा पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। उनका यह संकल्प युवाओं के लिए श्रद्धा, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है।

## जनसुनवाई में विधायक मनीष यादव ने सुनी आमजन की समस्याएं

*कई मामलों में मौके पर ही कराया समाधान*

स्मार्ट हलचल

**विराटनगर( जयपुर) शाहपुरा** विधानसभा क्षेत्र में विधायक मनीष यादव ने अपने निवास बिलांदरपुर पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान क्षेत्रभर से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, चिकित्सा, राजस्व एवं अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान ऊदावाला गांव के ग्रामीणों ने एनएच-48 से ऊदावाला रोड पर बने बड़े-बड़े गड्ढों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक मनीष यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात की और सड़क पर जीएसबी डलवाकर गड्ढों को भरवाने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क का शीघ्र नवीनीकरण कराने के लिए आश्वस्त किया। इसी प्रकार मनोहरपुर श्मशान भूमि के रास्ते में लंबे समय से हो रहे पानी भराव की समस्या को भी तत्काल



कार्रवाई करते हुए मौके पर जेसीबी मशीन भेजकर रास्ते से पानी की निकासी करवाते हुए समस्या का समाधान कराया, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिली। तथा क्षेत्र से आशा सहयोगी महिलाओं ने भी बजट घोषणा के अनुरूप सरकार द्वारा वेतन नहीं बढ़ाने के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा जिसको लेकर विधायक ने मामला सरकार के समक्ष रखने की बात कही विधायक मनीष यादव ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद जो लोकतंत्र की पहचान है। क्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधाओं के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। विधायक ने कई मामलों में संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## 10 साल पहले बनी सीसी सड़क बनी दलदल, नालियां गायब होने से गोपालपुरा ढाणी में जलभराव और गंदगी का संकट



**ग्रामीणों ने प्रशासन पर उपेक्षा का लगाया आरोप, मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से बीमारी फैलने की आशंका**

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)@उपखंड** क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोरधा के गोपालपुरा ढाणी में करीब 10 वर्ष पूर्व निर्मित सीसी सड़क आज बदहाली का शिकार हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क पूरी तरह टूटकर जगह-जगह से उखड़ गई है और अब दलदल जैसी स्थिति बन गई है। वहीं सड़क के दोनों ओर बनी नालियां भी पूरी तरह गायब हो जाने से बारिश और गंदे पानी की निकासी बंद हो गई है। नालियों के अभाव में पूरे मोहल्ले में जगह-जगह जलभराव हो रहा है, जिससे गंदगी फैल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों ने बताया कि गंदगी और रुके हुए पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षतिग्रस्त सड़क का शीघ्र पुनर्निर्माण कराने, नालियों का निर्माण करवाने और मोहल्ले में नियमित साफ-सफाई कराने की मांग की है।

## अवैध बजरी परिवहन करते बूंदी पुलिस ने एक ट्रेक्टर - ट्रॉली को किया जब्त

**प्रकरण पंजीबद्ध कर एक आरोपी मुरारी गुर्जर को किया गिरफ्तार ।**

**संगठित अपराध की धारा 112 BNS के तहत की गई कार्यवाही ।**



स्मार्ट हलचल

**बूंदी-** अवनीश कुमार शर्मा (IPS) जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी ने बताया कि अवैध खनन व परिवहन की रोकथान हेतु चलाये जा रहे अभियान में श्री संजय सिंह चम्पावत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी के निर्देशन में, श्री अनिल जोशी वृताधिकारी वृत बून्दी के निकटतम सुपरविजन में, श्री भंवरसिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना सदर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया जाकर रेल्वे स्टेशन रोड पुलिया के पास नाकाबन्दी की गई, दौराने नाकाबन्दी देवली की तरफ से आ रहे अवैध बजरी से भरे ट्रेक्टर -ट्रॉली को जब्त किया जाकर संगठित अपराध की धारा 112 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर एक आरोपी मुरारी गुर्जर पुत्र भैरुलाल गुर्जर उम्र 19 साल निवासी बिलासपुर थाना नगर फोर्ट जिला टोंक हाल उन्दालिया की डुगरी थाना कोतवाली जिला बून्दी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर एवं महानिरिक्षक पुलिस कोटा रेंज कोटा के निर्देशों की पालना में अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थानाधिकारी थाना सदर के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया, टीम द्वारा रैल्वे स्टेशन रोड पुलिया के पास नाकाबन्दी की गई, दौराने नाकाबन्दी देवली की तरफ से आ रहे एक सोनालिका ट्रेक्टर नं. RJ 08 RC 8039 को रूकवाया तथा चैक किया तो ट्रेक्टर - ट्रॉली में बजरी भरी हुई थी बजरी के संबंध में चालक से रवन्ना चाहा गया तो चालक ने अपने पास कोई रवन्ना नही होना बताया। चालक मुरारी गुर्जर से ट्रेक्टर के रजिस्ट्रेशन संबंधी दस्तावेज आरसी, बीमा, परमिट, व चालक का लाईसेन्स चाहा गया तो वक्त चैकिंग अपने पास कोई कागजात नही होना बताया। इस पर उक्त ट्रेक्टर को धारा 207 एम वी एक्ट मे जप्त किया जाकर प्रकरण पजीबद्ध कर वाहन चालक मुरारी गुर्जर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

## 4 साल से पीछा, धमकी और मारपीट से त्रस्त छात्रा

**न्याय नहीं मिलने से नाराज सेन समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग...**

स्मार्ट हलचल

**सांगोद** 27 जुलाई को सांगोद कस्बे में एक छात्रा पिछले 4 सालों से लगातार पीछा, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी से परेशान है। पीड़िता का आरोप है कि कई बार पुलिस को शिकायत देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे आक्रोशित होकर रविवार को सेन समाज के सैकड़ों लोग महिलाओं के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। पीड़िता दीपिका सेन ने बताया कि वर्ष 2022 में जब वह स्कूल जाती थी, तब से पवन रैगर नामक युवक उनका पीछा कर रहा है और जबरन उठा ले जाने की धमकी देता था। उस समय मामला दर्ज हुआ था, लेकिन आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण वह फिर से परेशान करने लगा। दीपिका के अनुसार 29 मई 2026 को आरोपी अपनी मां के साथ उनके घर आया और गाली-गलौच करते हुए लाठियों से हमला किया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार तो किया गया, लेकिन 5 दिन में ही रिहा कर 6




महीने के लिए पाबंद कर दिया गया। इसके बाद भी 17 जुलाई 2026 को आरोपी ने बाजार में उनका हाथ पकड़कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में सांगोद थाने में रिपोर्ट दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता के परिजनों ने ऊर्जा मंत्री से मिलकर भी मामले से अवगत कराया। आरोप है कि इसके बाद पवन रैगर और रवि ने उल्टा पीड़िता के माता-पिता पर एससी/एसटी एक्ट के तहत झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। पीड़िता ने कहा कि पुलिस अधिकारियों की लापरवाही से पूरा परिवार मानसिक तनाव में है।

**सेन समाज ने दी चेतावनी**

दोपहर करीब 2 बजे सेन समाज के रामभरोस सेन, रामेश्वर सेन, निरंजन सेन, राजेंद्र सेन, गौरव सेन, पिंटू सेन, मोहित सेन, रवींद्र, हिमांशु, हेमराज सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एसडीएम कार्यालय पहुंचीं। समाज ने प्रशासन को 7 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी। ज्ञापन में 4 प्रमुख मांगें आरोपी पवन रैगर को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए झूठे एससी/एसटी केस की निष्पक्ष जांच हो पीड़िता व परिवार को सुरक्षा दी जाए लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई हो

## गैस सिलेंडर में रिसाव से चाय की थड़ी में लगी भीषण आग,चाय-परचून का सामान सहित छप्पर जलकर राख,

**50 हजार से अधिक का सामान खाक-बड़ा जन हादसा टला**

**टोंक/अलीगढ़ ।** उनियारा उपखंड क्षेत्र में अलीगढ़ थानान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-116 पर खेड़ली से डींग के बालाजी के बीच कनक होटल के सामने चाय की थड़ी पर गैस सिलेंडर में रिसाव होने से चाय-परचून की केबिन व छप्पर में अचानक भीषण आग लग गई। हादसे में करीब ?50 हजार से अधिक का परचून का सामान जलकर राख हो गया। समय रहते केबिन में मौजूद लोगों के बाहर निकल जाने से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार रामवतार मीणा पुत्र केसरा मीणा, निवासी सहादतनगर, डींग के बालाजी के समीप अपने खेत स्थित कुएं के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-116 पर चाय की थड़ी व परचून की केबिन चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।सोमवार सुबह करीब 9 बजे वह यात्रियों के लिए चाय बना रहे थे। इसी दौरान गैस सिलेंडर में रिसाव होने से अचानक आग भड़क उठी।आग ने कुछ ही मिनटों में केबिन के बाहर बनी छप्परनुमा टपरी और कुछ केबिन के हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद यात्रियों और केबिन संचालक ने तत्काल बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते पूरा छप्पर जलकर राख हो गया।पीड़ित के अनुसार आग में परचून का सामान, दैनिक उपयोग की सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामान सहित करीब ?50 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आर्थिक रूप से परिवार को बड़ा झटका लगा है। पीड़ित रामवतार मीणा ने प्रशासन से आगजनी की घटना का सर्वे कराकर उचित आर्थिक सहायता एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# आज से दिल्ली में हो सकती है झमाझम, दिल्ली समेत कई इलाकों में गिरेगा तापमान

**–आईएमडी ने मंगलवार–बुधवार को बारिश को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनसीआर के कई इलाकों में झमाझम बारिश की उम्मीद है। मौसम विभाग की मानें तो सोमवार से बारिश का दौर फिर शुरू हो सकता है जो पूरी जुलाई लोगों को भिगोता रहेगा। वहीं सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में बादल छाए रहेंगे। सुबह से लेकर रात तक कई दौर में बारिश हो सकती है। यह बारिश हल्की से मध्यम स्तर की होगी।



दिल्ली समेत नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और गाजियाबाद में सोमवार से मॉनसून सक्रिय होने जा रहा है। ऐसे में बारिश के चलते तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी और मौसम में ठंडक होगी। एनसीआर में सुबह से दोपहर के बीच बहुत हल्की बारिश के साथ कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश हो सकती है। रात में भी बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो सोमवार को दक्षिण-पश्चिमी दिशा से हवाएं 10-20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी, जबकि अधिकतम तापमान गिरावट के साथ 34 से 36 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा जो सामान्य से काफी कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, इससे गर्मी से राहत मिलेगी।

इस दौरान एनसीआर में उमस का स्तर ऊंचा बना रहेगा, जिससे मौसम कुछ हद तक चिपचिपा हो सकता है, लेकिन बादलों और बारिश की वजह से तेज गर्मी से राहत मिलेगी। आईएमडी के मुताबिक एनसीआर के अन्य शहरों, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद में भी कमोबेश यही स्थिति रहने वाली है। वहां भी आंशिक से सामान्यतः बादल छाए रहेंगे और एक-दो दौर की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। वहीं मंगलवार से बारिश की गतिविधियां और बढ़ने वाली हैं जो जुलाई के इस आखिरी सप्ताह तक जारी रहेंगी। आईएमडी ने मंगलवार और बुधवार को मध्यम बारिश को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। अगले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

पिछले 24 घंटों में दिल्ली में ज्यादा बारिश नहीं हुई, लेकिन मानसूनी धाराएं सक्रिय होने से आने वाले दिनों में राहत की उम्मीद है। जलभराव वाले इलाकों में सावधानी बरतें, छतरी या रेनकोट जरूर साथ रखें और ट्रैफिक में देरी की आशंका को ध्यान में रखकर निकलें। बिजली गिरने की संभावना वाले इलाकों में खुले में न रहें। आगे के दिनों में मानसून और सक्रिय होने से तापमान सामान्य से थोड़ा नीचे रह सकता है।

## वांगचुक को अस्पताल से मिल सकती है छुट्टी, डिस्चार्ज होते ही सीधे जा सकते हैं राजघाट

नई दिल्ली (एजेंसी)। नीट पेपर लीक मामले में 26 दिन अनशन पर रहे सोनम वांगचुक को मेदांता अस्पताल से सोमवार को छुट्टी मिल सकती है। यहां से डिस्चार्ज होते ही वांगचुक सीधे राजघाट पहुंच सकते हैं। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक वांगचुक को आईसीयू से वॉर्ड में शिफ्ट किया जा चुका है। बता दें सोनम वांगचुक तबीयत खराब होने के चलते पिछले कई दिनों से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती थे। अनशन के दौरान पुलिस ने उन्हें उठाकर सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया था, लेकिन बाद में कोर्ट के आदेश पर सोनम मेदांता अस्पताल में भर्ती हुए थे। हालांकि यह भी खबर आ रही है कि सोनम अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सीधे अपने घर नहीं जाएंगे बल्कि दिल्ली के राजघाट जा सकते हैं। वे यहां महात्मा गांधी की समाधि पर जाएंगे और श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। ऐसे में एक सवाल उठ रहा है कि क्या वे कॉकरोच जनता पार्टी के लोगों से मिलने जंतर-मंतर भी जाएंगे, फिलहाल इसे लेकर कोई स्पष्ट खबर नहीं है, लेकिन हो सकता है कि वे राजघाट से सीधे घर जाएं और कॉकरोच जनता पार्टी से जुड़े कुछ लोग उनसे मिलें। बता दें सोनम वांगचुक ने जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के अभिजीत दिपके के साथ मिलकर अनशन किया था, हालांकि केंद्र सरकार के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में उन्होंने अपना अनशन तोड़ दिया था। केंद्र सरकार ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया था।



## 30 दिन में निपटाएं सभी लंबित विवेचनाएं : पुलिस आयुक्त

वाराणसी (एजेंसी)। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने कैंप कार्यालय में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी विवेचना 30 दिन से अधिक लंबित न रहे तथा सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जघन्य अपराध, गैंगस्टर, गोवध और एनडीपीएस अधिनियम से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने इन सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने ई-समन, ई-नोटिस, ई-वारंट जैसे डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग और डिजिटल साक्ष्यों के समयबद्ध अपलोड के भी निर्देश दिए। गैर-जमानती वारंटों के निष्पादन हेतु तीन दिवसीय अभियान चलाकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। मोहित अग्रवाल ने मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रखने पर जोर दिया। उन्होंने महिला अपराधों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए तत्काल एफआईआर, निष्पक्ष विवेचना और त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस आयुक्त ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता, गश्त, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, समुचित यातायात प्रबंधन और निरंतर निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरी मीणा सहित सभी राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी थाना प्रभारी गूगल मीट के माध्यम से जुड़े।

## पानी की टंकी में मृत मिला पूरा परिवार, इलाके में छाया मातम, पुलिस जांच में जुटी

जैसलमेर (एजेंसी)। राजस्थान के जैसलमेर जिले के लोहारकी गांव में एक ही परिवार के चार सदस्य पानी की टंकी में मृत मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शवों का पता रविवार देर रात चला। इस घटना के बाद गांव में मातम छा गया। पुलिस आत्महत्या के शक समेत सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना रविवार रात करीब 9 बजे की है। रामदेवरा एसएचओ ने बताया कि जसराज के भाई ने उसे पानी की टंकी में कूदते हुए देखा और शोर मचाया। परिवार के सदस्य और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन जब तक वे टंकी तक पहुंचे, तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान जसराज सुथार (29), उसकी पत्नी निर्मा (25), 10 साल के बेटे भरत और 5 साल की बेटी मनीषा के तौर पर हुई है। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने टंकी से शव निकाले। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, सबूत इकट्ठा किए और महिला के रिश्तेदारों को सूचना दी। अधिकारियों ने कहा कि घटना की असली वजह का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही चलेगा। पुलिस परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है, ताकि इस घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। शुरुआती जांच से पता चलता है कि पति-पत्नी के बीच घरेलू झगड़ा हो सकता है सभी पहलुओं की जांच जारी है। इस घटना से लोहारकी गांव और आसपास के इलाकों के लोग गहरे सदमे में हैं। घटना के बारे में सुनकर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि जांच पूरी होने तक कोई अटकलें न लगाएं।

## मुंबई एयरपोर्ट पर बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, कोलंबो से लौटा था

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। वह कथित तौर पर फर्जी तरीके से बनवाए दस्तावेजों के आधार पर भारत में रह रहा था। कोलंबो से लौटते समय हवाई अड्डे पर उसे पकड़ा गया। पुलिस ने खुलासा किया कि कोलकाता में रहते हुए आरोपी ने आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे भारतीय दस्तावेज बनवाए थे, जिसके बाद उसने भारतीय पासपोर्ट हासिल किया। इन पासपोर्ट के जरिए वह मालदीव और कोलंबो की यात्रा कर चुका था। आरोपी की पहचान बाबू बिस्वास उर्फ तपस बिस्वास के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि कोलंबो से लौटते समय मुंबई एयरपोर्ट पहुंचने के बाद आरोपी तपस इमिग्रेशन काउंटर पर स्टाम्प लगवाने पहुंचा था। सहायक इमिग्रेशन अधिकारी को उसके पासपोर्ट पर शक हुआ। अधिकारी ने उससे पूछताछ की, जिस दौरान संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने बताया कि आगे पूछताछ के लिए इमिग्रेशन विंग के प्रभारी और ड्यूटी अधिकारियों के सामने पेश किया गया। इसके बाद यह साफ हो गया कि वह बांग्लादेश के फरीदपुर का रहने वाला है। पुष्टि हुई जब उसने घर पर अपनी पत्नी को व्हाट्सएप पर कॉल किया और उससे बांग्लादेशी नागरिकता के प्रमाण के तौर पर कुछ दस्तावेज भेजने को कहा। इसके बाद उसे बाबू बिस्वास के पिता के नाम पर बांग्लादेश में रजिस्टर्ड जमीन के दस्तावेजों की फोटोकॉपी मिली।

## फुटपाथ हादसे में मृतकों के परिजनों को पूरा मुआवजा देने के आदेश : हाईकोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि मजबूरी में फुटपाथ पर सो रहे लोगों को सड़क हादसे का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट ने 2015 के मादीपुर मेट्रो स्टेशन के नीचे हुए दर्दनाक हादसे में मृतकों के परिजनों और घायलों का 50 प्रतिशत मुआवजा घटाने के आदेश को रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि फुटपाथ पर सोना उनकी लापरवाही नहीं, बल्कि परिस्थितियों की मजबूरी थी। ऐसे में उन्हें उचित और पूरा मुआवजा मिलना चाहिए। यह हादसा अक्टूबर 2015 में हुआ था, जब एक तेज रफ्तार ट्रक फुटपाथ पर चढ़ गया और वहां सो रहे लोगों को कुचल दिया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे।

## बेंगलुरु : प्रदर्शन में उमर खालिद-शरजील इमाम के समर्थन में तख्ती लेने पर एफआईआर

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में छात्र प्रदर्शन के दौरान जेल में बंद कार्यकर्ताओं उमर खालिद और शरजील इमाम के समर्थन में तख्तियां दिखाने वाली एक अज्ञात महिला पर पुलिस ने प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की है। यह कार्रवाई शुक्रवार शाम हुई घटना के संबंध में की गई है। बंदोबस्त ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस उपनिरीक्षक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज हुआ है। शिकायत के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब पांच से साढ़े पांच बजे के बीच, बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के बीच एक युवती को 'उमर खालिद जिंदाबाद', 'शरजील इमाम जिंदाबाद' और 'उखाड़ ले बीएसआरएफ पुलिस' जैसे नारे लिखी तख्तियां पकड़े देखा गया।

## सही निकली राहुल गांधी की बात, आरएएफ जवान ने पैलेट गन से किए थे सात फायर

**-सीजेपी के प्रदर्शनकारी हुए थे घायल जिसमें एक पत्रकार भी था शामिल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर कॉकरोज जनता पार्टी (सीजेपी) की अगुवाई में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के इस्?तेमाल को लेकर सनसनीखेज खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि आरएएफ की तरफ से प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन का इस्?तेमाल किया गया था। सेंट्रल रिज़र्व पुलिस फ़ोर्स (सीआरपीएफ) को पता चला है कि उसकी रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के एक जवान ने जिसे 20 जुलाई को संसद तक विरोध मार्च के दौरान कनॉट प्लेस इलाके में तैनात किया था, अपनी पैलेट गन से कम से कम सात राउंड फायर किए। एक अखबार में प्रकाशित खबर के मुताबिक पांच राउंड प्रदर्शनकारियों को लगे, जबकि दो ज़मीन पर लगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीआरपीएफ ने इस बात की जांच शुरू की थी कि क्या प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई में आरएएफ जवानों ने पेलेट गन का इस्तेमाल किया था। विरोध मार्च के दौरान पैलेट गन से लगी चोटों के लिए कम से कम तीन लोगों गुरुग्राम में काम करने वाले इरशाद शेख, दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र साहिल लोचब और एक पत्रकार का अस्पतालों में इलाज किया गया। एक सूत्र ने बताया कि आरएएफ जवानों द्वारा की गई लॉग एंट्रीज़ की जांच के बाद यह पता चला है कि कनॉट प्लेस में आरएएफ के एक जवान ने कुल सात पेलेट राउंड फायर किए थे। ये राउंड तब फायर किए गए जब प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाकर्मियों पर हमला किया और पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। आरपीएफ के डीजी ने अपना पहले वाला बयान दोहराया कि अब, चूंकि आंदोलन वापस ले लिया गया है और जमा हुए लोग चले गए हैं, इसलिए हम घटना के बाद पेशेवर तरीके से समीक्षा करेंगे जैसा कि हम हर बड़े काम के बाद करते हैं और फिर आपको फोर्स हेडक्वार्टर का नजरिया बताएंगे।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी बीते 24 जुलाई को सरकार पर प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ पैलेट गन का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था और कहा था कि 'अपराधी शिक्षा मंत्री' धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटना ही होगा। राहुल गांधी ने दिल्ली में छात्रों के विरोध प्रदर्शन में पैलेट गन के इस्तेमाल से घायल हुए युवक साहिल को मीडिया के सामने पेश किया था और कहा था कि ऐसे 'हजारों युवाओं' के खिलाफ बर्बर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा था कि सरकार कह रही है कि पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं हुआ, जबकि उस समय पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया जब यह युवक देश का तिरंगा लेकर खड़ा था।

## पेपर लीक जवाबदेही को लेकर शिवकुमार के बयान पर भाजपा हुई हमलावर

**मुख्यमंत्री बोले– पेपर लीक होने पर डिप्टी कमिश्नर होंगे जिम्मेदार**

**-भाजपा ने कहा- जिम्मेदारी अधिकारियों की नहीं, सरकार और मुख्यमंत्री की**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में छात्र आंदोलन और पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद अब पेपर लीक मामलों में जवाबदेही तय करने को लेकर कर्नाटक की राजनीति गरमा गई है। मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के उस बयान पर विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि यदि राज्य में भविष्य में किसी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होता है तो संबंधित जिले के डिप्टी कमिश्नर को जिम्मेदार माना जाएगा। भाजपा ने इस बयान को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है।





भाजपा का आरोप है कि राज्य सरकार भर्ती परीक्षाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय पहले से ही अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराने की तैयारी कर रही है। पार्टी का कहना है कि परीक्षा प्रणाली की जवाबदेही अंततः सरकार और मुख्यमंत्री की होती है, इसलिए भविष्य में किसी भी पेपर लीक की स्थिति में मुख्यमंत्री को जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए।

कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के साथ कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में कांग्रेस राजनीतिक जवाबदेही की मांग करती है, जबकि कांग्रेस शासित राज्यों में वही जिम्मेदारी अधिकारियों पर डालने की कोशिश की जा रही है। आर. अशोक ने कहा कि मुख्यमंत्री का ध्यान भर्ती प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने पर होना चाहिए, न कि संभावित घटनाओं के लिए पहले से जिला प्रशासन को जिम्मेदार घोषित करने पर। उन्होंने इसे कांग्रेस का दोहरे मानदंड वाला रवैया बताते हुए कहा कि राजनीतिक नेतृत्व अपनी जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रहा है। भाजपा ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में कर्नाटक में किसी भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है तो उसकी राजनीतिक जिम्मेदारी मुख्यमंत्री और राज्य सरकार की होगी।

## चढ़ावा चोरी मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, नई एसआईटी अफसरों ने नाम पेश करेगी सरकार

अयोध्या(एजेंसी)। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान यूपी सरकार नई एसआईटी के गठन से जुड़े अधिकारियों के नाम कोर्ट में पेश कर सकती है। बता दें राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नई एसआईटी का गठन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में 13 जुलाई को सुनवाई में यूपी सरकार को एक सीनियर आईपीएस अधिकारी की अगुवाई में नई एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया था। इससे पहले अयोध्या स्थित राम मंदिर का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट की 22 जुलाई को हुई बैठक में मंदिर में पूजा–पाठ की पूरी व्यवस्था के लिए गठित 'धार्मिक समिति' का पुनर्गठन करके उसमें अयोध्या के पांच संतों समेत कुल नौ सदस्यों को शामिल करने और ट्रस्ट का एक प्रवक्ता तथा सचिव नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन और कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि बैठक में ट्रस्ट के सीईओ पद के लिये बड़ी संख्या में आवेदन आने की वजह से नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए मांगा गया एक माह का अतिरिक्त समय देने पर भी सहमति बनी, साथ ही इस कार्य में हो रहे देरी को देखते हुए एक सचिव की नियुक्ति का फैसला लिया गया। बैठक में ट्रस्ट के सदस्यों ने सावन के महीने में श्रद्धालुओं की संख्या में संभावित बढ़ोत्तरी के लिए की गई तैयारियों, ट्रस्टी के खाली पदों को भरने की प्रक्रिया में हुई प्रगति और कई प्रशासनिक व वित्तीय मुद्दों की समीक्षा की। ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने बताया कि ट्रस्टी मंडल ने अनियमितताएं सामने आने के बाद बैंक की प्रक्रिया और गंभीरता के अभाव पर निराशा प्रकट की है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की वित्त समिति को बैंक के साथ संबंधों पर और मानक प्रक्रियाओं पर पुनर्विचार कर समुचित निर्णय लेने को कहा है।

## फिर लौट रहा कोरोना ! नए मामलों ने बढ़ाई टेंशन, अस्पतालों ने की तैयारी

**–10 नए मामले से मचा हड़कंप, स्वास्थ्य विभाग ने भी निगरानी बढ़ाई**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कोरोना के नए मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। दक्षिण भारत में खासतौर पर एक बार फिर कोविड-19 के कुछ और मामलों के सामने आने से डर बढ़ गया है। पहले से ही 39 कोरोना मामलों को झेल रहे आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटों में 10 नए मामले सामने आए हैं और कुल केस 49 हो गए हैं। इससे कोरोना की नई लहर आने का खतरा पैदा हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आंध्र प्रदेश में कोविड-19 का कहर शुरू होने के साथ ही उत्तर भारत में भी कुछ केस सामने आए हैं। हालांकि इससे मौतें अभी तक दक्षिण भारत में ही हुई हैं।




रिपोर्ट के मुताबिक आंध्रप्रदेश में 10 नए मामले सामने आने से आसपास हड़कंप मचा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने अपने बुलेटिन में जानकारी देते हुए बताया है कि अब इस राज्य में कुल मामले बढ़कर 49 हो गए हैं। खास बात है कि ये मामले कई शहरों के हैं, ऐसे में यह डर भी सता रहा है कि कोरोना का दायरा एक शहर न होकर कई शहरों तक फैल गया है। बुलेटिन के मुताबिक 10 नए मामलों में से 3 गुंटूर जिले से, 2 एनटीआर जिले से और 1-1 मामला अल्लूरी सीताराम राजू, एलुरु, कृष्णा, तिरुपति और विशाखापत्तनम जिलों से हैं। इस राज्य में अभी तक 302 संदिग्ध सैंपलों की जांच की गई है, जिसमें से 49 पॉजिटिव निकल चुके हैं। जहां तक कोरोना के आउटब्रेक का मामला है तो सबसे ज्यादा मामले पूर्वी गोदावरी से हैं और यहां 11 केस मिले हैं। इसके बाद गुंटूर में 9, कडपा में 8, विशाखापत्तनम में 5 और एनटीआर में 3 मामले हैं। काकीनाडा, एलुरु और बापटला में 2-2 मामले हैं, जबकि कुछ अन्य जिलों में 1-1 मामला दर्ज हुआ है।

इन सभी 49 कोविड मरीजों में 24 लोग अस्पताल में भर्ती हैं और इनका इलाज चल रहा है। जबकि 16 मरीज कोविड के माइल्ड लक्षणों के साथ घर पर आइसोलेशन में हैं। अभी तक 5 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं. जबकि चार लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल रोजाना नए मामले मिलने के चलते प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है और स्वास्थ्य विभाग ने भी अलग-अलग जिलों में निगरानी बढ़ा दी है। जिला रैपिड रिस्पॉन्स टीमें भी मरीजों की हालत को बारीकी से देख रही हैं और उनसे जुड़े लोगों को ट्रैक कर रही हैं ताकि उनके संपर्क में आए लोगों का पता चल सके और उनकी भी जांच की जा सके। विभाग का कहना है कि मरीजों की जांच के लिए आरटी-पीसीआर किट उपलब्ध हैं। अस्पतालों में कोविड की तैयारियां चाक-चौबंद की जा रही हैं।

## विजय के बाद धनुष के राजनीति में एंट्री के संकेत?

**-समाज सेवा की अपील के बाद राजनीतिक गलियारे में अटकलें हुईं तेज**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता और निर्देशक धनुष के राजनीति में आने की अटकलें एक बार फिर तेज हो गई हैं। हाल ही में आयोजित एक ब्लड डोनेशन कैंप में उन्होंने अपने प्रशंसकों से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनके संभावित राजनीतिक भविष्य को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

रविवार को धनुष के प्रशंसकों की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में अभिनेता ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का एक मंच पर एकत्र होना अपने आप में बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि इस एकजुटता को केवल फिल्मी आयोजनों, ऑडियो लॉन्च या फैन मीट तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि इसे समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। अपने संबोधन में धनुष ने प्रशंसकों से अपने आसपास रहने वाले जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर हर संभव मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि उनके प्रशंसक समाज के लिए सकारात्मक कार्य करेंगे तो उन्हें उन पर और अधिक गर्व होगा। अभिनेता के इस संदेश का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई यूजर्स ने अनुमान लगाया कि अभिनेता थलपति विजय की तरह धनुष भी भविष्य में राजनीति का रुख कर सकते हैं। कुछ लोगों ने लिखा कि तमिलनाडु की राजनीति में एक नई और सशक्त आवाज की जरूरत है, जबकि कुछ ने यहां तक कयास लगाए कि धनुष जल्द अपनी राजनीतिक पार्टी की घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, धनुष ने अपने संबोधन में कहीं भी राजनीति में प्रवेश या किसी राजनीतिक दल के गठन का ऐलान नहीं किया। उनकी ओर से केवल समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है। ऐसे में उनके राजनीति में आने की चर्चाएं फिलहाल केवल अटकलों तक ही सीमित हैं। वैसे भी तमिलनाडु में फिल्मी सितारों के राजनीति में आने की लंबी परंपरा रही है। हाल के वर्षों में अभिनेता थलपति विजय के राजनीतिक सफर की शुरुआत के बाद अब धनुष को लेकर भी चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। हालांकि, उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर स्थिति तभी स्पष्ट होगी जब वह स्वयं इस संबंध में कोई औपचारिक घोषणा करेंगे।

## सोची समझी रणनीति है प्रधान का इस्तीफा, अब होगा बड़ा सुधार




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में भड़के छात्र आंदोलन के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। आंदोलन की शुरुआत से ही छात्र इसकी मांग कर रहे थे। अपने फैसलों पर अडिग रहने के लिए मशहूर सरकार को इस संवेदनशील मुद्दे पर छात्रों के दबाव के आगे कदम पीछे खींचने पड़े हैं। शीर्ष सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र के इस कदम के पीछे असंतोष को शांत करने और स्थिति को बिगड़ने से रोकने की एक सोची-समझी रणनीति है।

सरकार का मुख्य उद्देश्य छात्रों के असंतोष और गुस्से को किसी भी राजनीतिक या देश-विरोधी ताकतों द्वारा भुनाए जाने से रोकना था। केंद्र सरकार ने प्रमुख राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं को अपनी विफलता के रूप में स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री का स्पष्ट मानना था कि प्रभावित छात्रों द्वारा उठाई गई चिंताएं और मांगें पूरी तरह से जायज थीं, जिसके चलते जवाबदेही तय करते हुए यह इस्तीफा स्वीकार किया गया।

अपने इस्तीफे के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने एक भावुक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि बीते दिनों के घटनाक्रम ने उन्हें गहराई से दुखी किया है और यह मुद्दा उनकी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे नहीं चाहते कि कोई भी देश-विरोधी ताकतें इस संवेदनशील स्थिति का फायदा उठाएं। देश की एकता अक्षुण्ण रहनी चाहिए और किसी भी मासूम छात्र का भविष्य कानूनी उलझनों में नहीं फंसना चाहिए। छात्र अपना बहुमूल्य समय पढ़ाई और करियर बनाने में लगाएं, इसी सोच के साथ उन्होंने अपना त्यागपत्र सौंपा।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, सरकार पहले दिन से ही इस बात को लेकर बेहद गंभीर थी कि आंदोलनकारी छात्रों का इस्तेमाल राजनीतिक मोहरे के रूप में न किया जाए। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग को पूरा करके सरकार का उद्देश्य यही था कि छात्र लंबे समय तक चलने वाले आंदोलनों को छोड़कर वापस अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें। इस कदम से जंतर-मंतर जैसे प्रमुख स्थानों पर जारी विरोध-प्रदर्शनों को शांत करने में मदद मिलेगी। तात्कालिक राजनीतिक गतिरोध समाप्त होने के बाद अब केंद्र सरकार का पूरा ध्यान परीक्षा प्रणाली में बड़े और संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित हो गया है। भावी योजनाओं के तहत राष्ट्रीय स्तर की सभी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं को चरणबद्ध तरीके से कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) फॉर्मेट में ट्रांसफर किया जाएगा ताकि पेपर लीक की गुंजाइश पूरी तरह खत्म हो सके। साथ ही राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की निगरानी को भी और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।





## तमिलनाडु के सीएम विजय देंगे सिल्वर मेडल

# जीतने वाले वेटलिफ्टर राजा मुथुपांडी को 30 लाख नकद इनाम

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने वेटलिफ्टर राजा मुथुपांडी के लिए 30 लाख रुपए के नकद इनाम की घोषणा की है। मुथुपांडी ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल जीता था। मुथुपांडी को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इनाम उनके शानदार प्रदर्शन के सम्मान में दिया जा रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि मेडल जीतने की यह उपलब्धि राज्य भर के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। मुथुपांडी ने कुल 286 किग्रा (126 किग्रा + 160 किग्रा) का भार उठाया। मुथुपांडी ने 125 किग्रा स्नैच के सफल प्रयास से शुरुआत की और फिर अपने दूसरे प्रयास में इसे बढ़ाकर 126 किग्रा कर दिया। वे अपने आखिरी प्रयास में 129 किग्रा का भार नहीं उठा पाए। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने सफलतापूर्वक 158 किग्रा और 160 किग्रा का भार उठाया, लेकिन अपने आखिरी प्रयास में 170 किग्रा उठाने में असफल रहे। इस प्रयास से उन्हें सिल्वर मेडल मिला। इस उपलब्धि को तमिलनाडु और भारत के लिए गर्व का क्षण बताते हुए मुख्यमंत्री विजय ने सोशल मीडिया पर एक संदेश के जरिए युवा वेटलिफ्टर को बधाई दी। उन्होंने मुथुपांडी के प्रदर्शन को रिकॉर्ड बनाने वाली उपलब्धि बताया और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके दृढ़ संकल्प की सराहना की। 30 लाख रुपए के नकद इनाम की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु सरकार एथलीट की सफलता को राज्य के सर्वोच्च खेल पुरस्कारों में से एक से सम्मानित करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुथुपांडी की उपलब्धि उभरते हुए खिलाड़ियों को खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने और तमिलनाडु को और अधिक पहचान दिलाने के लिए प्रेरित करेगी। विजय ने कहा, मैं ग्लासगो में कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में पुरुषों के 65 किग्रा वेटलिफ्टिंग इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर राजा मुथुपांडी को दिल से बधाई देता हूं। उनकी सफलता तमिलनाडु के लिए बहुत गर्व की बात है।

## वैभव सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द सीरीज जीतने वाले यंगेस्ट प्लेयर



### सचिन तेंदुलकर का भी रिकॉर्ड टूटा, इस साल टी-20 में 86 छक्के लगाए

**हरारे (एजेंसी)।** भारत ने तीसरे टी-20 मैच में जिम्बाब्वे को 35 रन से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। सबसे ज्यादा 151 रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। वे इंटरनेशनल क्रिकेट में यह अवॉर्ड जीतने वाले दुनिया के यंगेस्ट खिलाड़ी बन गए। हरारे में सूर्यवंशी ने 49 गेंद पर 81 रन बनाए। वे प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में ऐसा करने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। सूर्यवंशी इस साल टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा 86 छक्के लगा चुके हैं।

**सूर्यवंशी ने पहला प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीता:** सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 15 साल 121 दिन की उम्र में यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। सूर्यवंशी ने अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान का रिकॉर्ड तोड़ा। मुजीब 16 साल 328 दिन की उम्र में प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे।


**सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द मैच जीतने वाले यंगेस्ट भारतीय:** सूर्यवंशी 15 साल 121 दिन की उम्र में प्लेयर ऑफ द मैच बने। वे इंटरनेशनल में यह अवॉर्ड जीतने वाले यंगेस्ट भारतीय बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। सचिन ने 17 साल 112 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। सूर्यवंशी ऐसा करने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी भी बने। सिएरा लिओन के एलुसिन तुरे इंटरनेशनल में प्लेयर ऑफ द मैच जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। उन्होंने 15 साल 74 दिन की उम्र में यह कारनामा किया था।

**सूर्यवंशी की इंटरनेशनल में दूसरी फिफ्टी:** सूर्यवंशी ने 16 साल की उम्र से पहले इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 15 साल 121 दिन की उम्र में दूसरी फिफ्टी लगाई। उनके अलावा नेपाल के कुशल मल्ला ने 16 साल की उम्र से पहले एक बार 50+ स्कोर बनाया था।

**सूर्यवंशी इस साल सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय:** सूर्यवंशी एक साल में सबसे ज्यादा टी-20 छक्के लगाने वाले भारतीयों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। वे इस साल सभी टी-20 मैच मिलाकर 86 छक्के लगाकर लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। इस मामले में अभिषेक शर्मा पहले स्थान हैं। उन्होंने 2025 में 108 छक्के लगाए थे।टी-20 में कम से कम 100 छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों में सूर्यवंशी का प्रति बॉल सिक्स औसत सबसे बेहतर है।

## दो बार के ओलंपियन साजन ने प्रकाश 200 मीटर बटरफ्लाई फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**ग्लास्गो (एजेंसी)।** दो बार के ओलंपियन भारतीय तैराक साजन प्रकाश ने सोमवार को यहां एक मिनट 58.59 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट (शुरुआती दौर) में दूसरे स्थान पर रहते हुए राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई।



स्कॉटलैंड के डंकन स्कॉट एक मिनट 58.29 सेकेंड के साथ समय के साथ शीर्ष पर रहे। साजन अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से पीछे रहे। इस 31 वर्षीय भारतीय ने इसी साल सिंगापुर राष्ट्रीय आयु वर्ग तैराकी चैंपियनशिप में एक मिनट 57.09 सेकेंड का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

## आईएसएसएफ वर्ल्ड कप :

# ईशा सिंह ने जीता गोल्ड, मनु भाकर को ब्रॉन्ज मेडल



**हांगझू (चीन)(एजेंसी)।** चीन के हांगझू में हो रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में भारतीय पिस्टल स्टार ईशा सिंह और मनु भाकर ने महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीते और प्रतियोगिता में भारत का शानदार सफर जारी रखा। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की प्रेस रिलीज के अनुसार ईशा ने फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 40 हिट के साथ गोल्ड मेडल पक्का किया, जबकि पेरिस 2024 में दो ओलंपिक मेडल जीतने वाली मनु भाकर ने कड़े मुकाबले का सामना करते हुए एक अहम शूट-ऑफ जीता और 28 हिट के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

भारतीय टीम ने क्वालिफिकेशन राउंड में ही बेहतरीन शुरुआत की। मनु भाकर 586-203 के शानदार स्कोर के साथ क्वालिफाइंग स्टैंडिंग में टॉप पर रहीं, जबकि ईशा सिंह 585-183 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और आसानी से फाइनल में जगह बनाई। एशियाई खेलों की पूर्व गोल्ड मेडलिस्ट राही सरनोबत ने 582-163 का स्कोर किया, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ (576-203) और अभिज्ञा अशोक पाटिल (573-163) ने रैंकिंग पॉइंट्स ओनली स्टेटस के तहत खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया।

इस सीजन की शुरुआत में म्यूनिख में वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड-तोड़ गोल्ड मेडल जीतने के बाद मानसिक दबाव से उबरने के बारे में बात करते हुए ईशा सिंह ने कहा, यह मैच मेरे लिए बहुत दबाव वाला था क्योंकि मेरे पास पहले से ही एक मेडल था। आप अपने इवेंट में जितना बेहतर करते हैं, आपको उतनी ही ज्यादा प्रतिष्ठा का बोझ महसूस होता है जिसे आपको पार करना होता है। मुझे खुशी है कि मैं आज इससे उबर पाई और शुक्रगुजार हूं कि मुझमें इसे सहने की क्षमता थी। मुझे हांगझू में मुकाबला करना बहुत पसंद है। एशियाई खेलों के दौरान हुए मुकाबले को याद करते हुए, जहां मैंने चार मेडल जीते थे, मैं यहां वापस आने के लिए बहुत उत्साहित थी। फाइनल हॉल में रेंज, लाइटिंग और माहौल से वाकिफ होना निश्चित रूप से मेरे पक्ष में रहा।

मैच के बाद अपने प्रदर्शन और आने वाले सीजन के लिए मोमेंटम बनाने के बारे में बात करते हुए मनु भाकर ने कहा, यह मेडल बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक सीढ़ी की तरह काम करता है। इससे मुझे स्पष्टता मिलती है कि क्या काम कर रहा है और मैं किस दिशा में आगे बढ़ना चाहती हूं। मेडल निश्चित रूप से मेरा आत्मविश्वास बढ़ाता है, लेकिन इस प्रतिस्पर्धी मैच से मुझे जो अनुभव मिला है, वह वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियाई खेलों जैसे बड़े आयोजनों की तैयारी में और भी अधिक मददगार साबित होगा।

हैदराबाद की 21 वर्षीय ईशा सिंह के लिए गोल्ड मेडल करियर में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ता है। इससे पहले इस सीजन में म्यूनिख में ढ्रुस्स्न वर्ल्ड कप में ईशा ने फाइनल में 43 हिट के साथ सीनियर और जूनियर दोनों वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रचा था। पेरिस 2024 ओलंपियन और अर्जुन अवार्डी, ईशा दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों में अपनी जगह बना रही हैं।

मनु भाकर के लिए ब्रॉन्ज मेडल ग्लोबल स्टेज पर उनके शानदार प्रदर्शन को और मजबूत करता है, खासकर उनके ऐतिहासिक पेरिस 2024 ओलंपिक अभियान के बाद जहां वह खेलों के एक ही संस्करण में दो मेडल जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली एथलीट बनी थीं।

## रन-अप में बदलाव का मिला फायदा, रवि बिश्नोई का जिम्बाब्वे टी20 सीरीज में दमदार प्रदर्शन



**हरारे (एजेंसी)।** भारत के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 3-0 से जीती गई टी20 सीरीज के बाद अपनी शानदार वापसी का राज बताया। बिश्नोई ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर हुई गलतियों के बाद उन्होंने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बेंगलुरु में अपनी रन-अप पर कड़ी मेहनत की और अब उसका सकारात्मक परिणाम मैदान पर देखने को मिल रहा है। जिम्बाब्वे दौरे पर बिश्नोई ने तीन विकेट झटके और भारत की क्लीन स्वीप में अहम भूमिका निभाई।

इंग्लैंड दौरे की गलती से लिया सबक

रवि बिश्नोई के लिए इंग्लैंड दौरा बेहद निराशाजनक रहा था। मैनचेस्टर टी20 में उन्होंने तीन बैक-फुट नो-बॉल फेंकी थीं और 60 रन खर्च किए थे। उस मुकाबले के बाद उनकी गेंदबाजी और खासकर रन-अप को लेकर सवाल उठे। इसके बाद उन्होंने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पूर्व स्पिनर सैराज बहुतुले और सुनील जोशी की निगरानी में अपनी तकनीक पर काम किया।

### गलतियां सुधारीं, अब नतीजे सामने हैं

सीरीज खत्म होने के बाद रवि बिश्नोई ने बताया कि उन्होंने अपनी गेंदबाजी की कमियों पर मेहनत की और कोचिंग स्टाफ से लगातार मदद मिली।रवि बिश्नोई ने कहा, मैंने उन चीजों पर काम किया जिनमें सुधार की जरूरत थी, क्योंकि मेरी गेंदबाजी में कुछ गलतियां आ गई थीं। अब उन पर काम करने का फायदा मिल रहा है और उसके नतीजे भी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, कोचों ने मेरा काफी समर्थन किया और बताया कि मुझे किन पहलुओं पर काम करना है। मेरा रन-अप थोड़ा ज्यादा वाइड हो गया था, जो आमतौर पर नहीं होता, लेकिन दुर्भाग्य से इंग्लैंड वाले मैच में बार-बार ऐसा हुआ।

## ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026

# भारत को बड़ा झटका | राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुरिंदरवीर सिंह का 100 मीटर हीट में सफर समाप्त

**ग्लास्को (एजेंसी)।** ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत की सबसे बड़ी एथलेटिक्स पदक उम्मीदों में शामिल गुरिंदरवीर सिंह पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा के शुरुआती हीट से आगे नहीं बढ़ सके। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी भारतीय धावक सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे, जिससे भारत की एथलेटिक्स में पदक की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

गुरिंदरवीर ने मई 2026 में रांची में आयोजित फेडरेशन कप में 10.09 सेकंड का समय निकालकर इतिहास रचा था। वह 10.10 सेकंड से कम समय में 100 मीटर दौड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष धावक बने थे। इस प्रदर्शन के बाद उनसे राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन की उम्मीदें थीं, लेकिन अपने पहले कॉमनवेल्थ गेम्स में वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।

अब हाई जंप पर टिकी भारत की नजर

गुरिंदरवीर के बाहर होने के बाद अब भारतीय एथलेटिक्स दल की उम्मीदें पुरुषों की हाई जंप स्पर्धा पर टिकी हैं। फाइनल में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी सर्वेश कुशारे, पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस्विन शंकर और आदर्श राम ज्योति शंकर भारत की चुनौती पेश करेंगे। सर्वेश कुशारे हाल ही में 2.31 मीटर की छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने मोनाको डायमंड लीग में तीसरा स्थान हासिल कर शानदार फॉर्म का भी परिचय दिया था।



### 10.39 सेकंड का समय भी नहीं दिला सका सेमीफाइनल का टिकट

100 मीटर हीट में गुरिंदरवीर सिंह ने 10.39 सेकंड का समय निकाला। हालांकि यह प्रदर्शन सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं रहा। सभी 11 हीट समाप्त होने के बाद गुरिंदरवीर 73 धावकों में 28वें स्थान पर रहे। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शीर्ष 17 धावकों को जगह मिली। रिपोर्ट के अनुसार यदि गुरिंदरवीर 10.24 सेकंड का समय निकालते तो वह अगले दौर के लिए क्वालिफाई कर सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

### राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर पहुंचे थे ग्लास्गो

गुरिंदरवीर ने फेडरेशन कप में 10.09 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा था। उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाते हुए अनिमेष कुजूर के एक दिन पहले बने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया था। इसी वजह से उन्हें ग्लास्गो में भारत के संभावित पदक विजेताओं में गिना जा रहा था।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम घोषित

### सौम्य सरकार की 5 साल बाद वापसी

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान नजमुल हुसैन शांतो को सौंपी गई है। बांग्लादेश की 15 सदस्यीय टीम में ऑलराउंडर सौम्य सरकार को शामिल किया गया है। सौम्य आखिरी बार 2021 में टेस्ट फॉर्मेट में खेले थे। दूसरी तरफ, 2023 की डब्ल्यूटीसी चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ही इस सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर चुकी है।



### पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की 15 सदस्यीय टीम

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), सौम्य सरकार, शादमान इस्लाम, तंजीद हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, अमीत हसन, जाकिर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज (उप-कप्तान), तैजुल इस्लाम, तास्किन अहमद, हसन महमूद, सैयद खालिद अहमद, इबादत हुसैन चौधरी, मुश्फिक हसन।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com